

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 236 | ग्वालियर, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021 | ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## बांग्लादेश में दुर्गापूजा हिंसा के बाद फिर हिंदुओं को बनाया गया निशाना,

# 66 घर क्षतिग्रस्त, 20 में लगाई गई आग

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी सांप्रदायिक हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। दुर्गा पूजा के समय मंदिर में तोड़फोड़ के विरोध में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रदर्शन के बीच हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश में हिंदुओं के 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि 20 घरों में आग लगा दी गई।

### फेसबुक से फैली अफवाह

बीडीन्यूज24 डॉट कॉम की खबर के मुताबिक 100 से अधिक लोगों की भीड़ ने रविवार की रात को रंगपुर जिले के एक गांव में आगजनी की। इस मामले में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक फेसबुक पोस्ट से अफवाह फैली कि गांव के एक युवा हिंदू व्यक्ति ने धर्म का अपमान किया है, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग ने कम समय में ही आग पर काबू पा लिया और किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है।

### 53 संदिग्धों की हुई गिरफ्तारी



**प्राप्त जानकारी के मुताबिक 100 से अधिक लोगों की भीड़ ने रविवार की रात को रंगपुर जिले के एक गांव में आगजनी की। इस मामले में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक फेसबुक पोस्ट से अफवाह फैली कि गांव के एक युवा हिंदू व्यक्ति ने धर्म का अपमान किया है, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची।**

उन्होंने बताया कि इस हमले में 66 घर क्षतिग्रस्त हो गए और 20 घरों को जला दिया गया है। अबतक 53 संदिग्धों की गिरफ्तारी हो चुकी है और बाकियों की गिरफ्तारी के लिए अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि कोमिला इलाके की घटना के बाद फैले सांप्रदायिक तनाव की वजह से आगजनी की घटना हुई। पिछले सप्ताह कोमिला इलाके में हुई घटना की वजह से हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया। इतना ही नहीं कई जिलों में तो पुलिस और हमलावरों के बीच संघर्ष भी हुआ।

# केरल में भारी बारिश अब तक 22 लोगों की मौत



**नई दिल्ली /** केरल के दो जिलों में भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाओं में मृतकों की संख्या रविवार को बढ़कर 22 हो गई। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति से निपटने के लिए राज्य को मदद की पेशकश की है। बारिश प्रभावित विभिन्न इलाकों से 22 शव बरामद किए गए। इनमें कोट्टायम से 13 और इडुक्की से नौ शव बरामद हुए। स्थिति को देखते हुए सेना के साथ-साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने बचाव अभियान जारी रखा है। अधिकारियों ने बताया कि कोट्टायम और इडुक्की जिलों के पर्वतीय इलाकों में शनिवार को भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ एवं भूस्खलन से लोगों की मौत हुई। इडुक्की की जिलाधिकारी शीबा जॉर्ज ने बताया कि खराब मौसम के कारण इडुक्की के पहाड़ी इलाकों में यात्रा पर प्रतिबंध है। उन्होंने बताया, %%अब तक नौ शव बरामद किए गए हैं। दो लोग लापता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन से फोन पर बात की और बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की। मोदी ने ट्वीट किया, केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन से बातचीत की और केरल में भारी बारिश तथा भूस्खलन के मद्देनजर स्थिति पर विचार-विमर्श किया। अधिकारी घायलों और प्रभावितों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, मैं सभी के सुरक्षित रहने और उनकी भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, यह दुखद है कि केरल में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कुछ लोगों की मृत्यु हो गई। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित केरल के लोगों को हर संभव सहायता मुहैया कराएगा। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि सरकार भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर केरल के कुछ हिस्सों की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। केरल में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में समय पर बचाव अभियान शुरू करने में विफल रही है। उन्होंने कोक्कायार और कूट्टिकल का दौरा किया था।कोट्टयम जिले के कुट्टिकल में 40 वर्षीय व्यक्ति, उसकी 75 वर्षीय मां, 35 वर्षीय पत्नी और 14, 12 और 10 वर्ष की तीन बच्चियों सहित परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। परिवार का मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया था। तीन लोगों के शव कल बरामद किए गए थे और शेष शव आज बचावकर्मियों ने खोजे। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिणपूर्वी अरब सागर तथा उससे लगते केरल पर कल बना कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर हो गया है। विभाग ने कहा, इसके प्रभाव से केरल और माहे में 17 अक्टूबर को दूर दराज के इलाके में भारी बारिश के आसार हैं और इसके बाद ये कम हो जाएगी। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि कोट्टयम पहुंचे सेना के एक दल ने मलबे में लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया, स्थानीय सूत्रों के अनुसार कुछ लोग अब भी फंसे हुए हैं। अभी भारी बारिश का कोई अनुमान नहीं है। पैंगोड सैन्य स्टेशन की मद्रास रेजीमेंट ने कूट्टीकल से चार किलोमीटर दूर कवाली गांव में बचाव अभियान शुरू किया।






## बुरे कर्मों का बुरा अंजाम,

### राम रहीम को आजीवन कारावास

एक बार फिर से डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को सीबीआई की विशेष अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हालांकि राम रहीम पहले से ही सलाखों के पीछे हैं। वहीं बात उत्तर प्रदेश विधानसभा की करेंगे। नितिन अग्रवाल को उपाध्यक्ष चुन लिया गया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी है और अंत में बात किसानों के रेल रोको अभियान की करेंगे।

### रहीम को उम्रकैद

पंचकुला में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने हत्या के एक मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह समेत 5 लोगों की सजा पर फैसला सुना दिया है। आपको बता दें कि अदालत ने राम रहीम समेत सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही राम रहीम पर 31 लाख रुपए और बाकी आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

सीबीआई के वकील के अनुसार, राम रहीम सिंह ने डेरा द्वारा किए गए जनकल्याण कार्यों का हवाला देते हुए नरमी बरतने का अनुरोध किया था। बहरहाल सीबीआई ने इसका विरोध किया और आईपीसी की धारा 302 के तहत अधिकतम सजा देने की मांग की थी। इससे पहले भी राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में उम्रकैद की सजा हो चुकी है।

10 जुलाई 2002 में कुरुक्षेत्र के पास रणजीत सिंह की उनके गांव में हत्या की गई थी। रणजीत सिंह डेरा के साथ जुड़े हुए थे और मैनेजर के पद पर काम कर रहे थे। डेरा प्रबंधन को शक था कि रणजीत सिंह ने साध्वी यौन शोषण की गुमनाम चिट्ठी अपनी बहन से ही लिखवाई थी। रणजीत सिंह ने राम रहीम पर लगे इस आरोप के बाद डेरा को छोड़ दिया था।







# खाद वितरण में कोताई बर्दाश्त नहीं - कलेक्टर

## खाद वितरण में लापरवाही करने पर 6 अधिकारियों का वेतन काटने एवं कारण बताओ नोटिस

**मुरैना /** रबी फसल के लिये जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। मुरैना जिले को लगातार यूरिया डीएपी की रैक बराबर मिल रही है। आज भी 1 हजार 300 मैट्रिक टन डीएपी खाद की रैक मुरैना आ चुकी है। वितरण व्यवस्था को अधिकारी सुधारे। इसमें कोताई बर्दाश्त नहीं करूंगा। यह निर्देश कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने सोमवार को टीएल बैठक में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री नरोत्तम भार्गव सहित संबंधित अधिकारी एवं गूगल मीट के जुड़े समस्त एसडीएम उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन खाद की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बिना अनुमति के उपसंचालक कृषि पीसी पटेल अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने अनुपस्थिति का कारण पूछा तो अधीनस्थ कर्मचारी ने बताया कि भोपाल गये हुये है, इस पर कलेक्टर ने



नाराजगी व्यक्त करते हुये बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर जाने पर उपसंचालक कृषि के खिलाफ प्रस्ताव चंबल कमिश्नर को भेजने के निर्देश दिये। बैठक में सहायक प्रबंधक सीसीबी रामवीर सिंह भदौरिया विलंब से उपस्थित हुये। कलेक्टर ने आदा दिवस का वेतन काटने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

बैठक में अम्बाह खाद वितरण की समीक्षा की जा रही थी। इस दौरान एसएडीओ द्वारा प्रतिदिन खाद वितरण की मॉनीटरिंग सही नहीं करने तथा जानकारी कलेक्टर को प्रस्तुत नहीं करने पर एसएडीओ अम्बाह की एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। वहीं पोरसा एसएडीओ यूरिया वितरण की जानकारी नहीं दे सके, इस पर कलेक्टर ने एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

डीएपी खाद की लगातार कलेक्टर प्रतिदिन सुबह-शाम समीक्षा कर रहे है, किन्तु डीआरसीएस श्री सीपीएस भदौरिया और डीएमओ प्रवीण मूंद्रणा द्वारा खाद वितरण की ठीक तरह से मॉनीटरिंग नहीं करने एवं रैक प्राप्त होने के पश्चात् वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं करने पर दोंनो अधिकारियों का 10-10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये।

# सहायक संचालक कृषि रामनरेश शर्मा को कमिश्नर ने किया निलंबित



**मुरैना /** कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग भिण्ड के सहायक संचालक रामनरेश शर्मा को चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय कृषि विकास एवं किसान कल्याण कार्यालय मुरैना किया है। निलंबन की कार्यवाही भिण्ड कलेक्टर के प्रस्ताव पर की गई।

निलंबन आदेश में कहा गया है कि कृषि सहायक संचालक रामनरेश शर्मा अपने मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहने, दूरभाष पर उनको बुलाने पर समक्ष में उपस्थित नहीं हुये। वर्तमान में यूरिया डीएपी आदि उर्वरकों के स्टॉक की कमी को दृष्टिगत रखते हुये कृषि विभाग के अधिकारियों को मुख्यालय पर रहना अत्यन्त आवश्यक है। रामनरेश शर्मा से पुनः दूरभाष पर चर्चा के दौरान उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वह अभी नहीं आ सकते है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि रामनरेश शर्मा बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित है, जिसके कारण जिले में खाद यूरिया डीएपी आदि उर्वरकों के स्टॉक के निरीक्षण एवं मिलने की जानकारी उपलब्ध नहीं कराये जाने से कानून व्यवस्था, कालाबाजारी की स्थिति निर्मित होने की संभावना है।

ग्वालियर-चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने रामनरेश शर्मा के खिलाफ मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1,2,3) का स्पष्ट उल्लंघन होने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अन्तर्गत शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

# खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के लिये चयन स्पर्धा 23 अक्टूबर को

**मुरैना /** भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं युवा कार्यक्रम द्वारा खेलो इंडिया के अन्तर्गत मुरैना जिले में एथलेटिक्स का खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है, जिसके अन्तर्गत एथलेटिक्स प्रशिक्षक के रूप में सुश्री ज्योति चौहान की नियुक्ति की गई है।

संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री कुशवाह ने बताया कि एथलेटिक्स स्मॉल सेंटर में नियमित प्रशिक्षण हेतु 20 बालक एवं 20 बालिका का चयन किया जाना है। यह चयन स्पर्धा 23 अक्टूबर 2021 शनिवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना में प्रातः 10 बजे से आयोजित की जायेगी।

इच्छुक बालक-बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 12 से 18 वर्ष के मध्य हो, (आयु की गणना 1 जुलाई 2021 से होगी) चयन स्पर्धा में शामिल होने के लिये अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, एथलेटिक्स खेल संबंधी प्रमाणपत्र (मूल एवं छायाप्रति) एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होंवे।

अधिकतम जानकारी सुश्री ज्योति चौहान एथलेटिक्स प्रशिक्षक खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के मोबाइल नंबर 8856000908 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# समस्त बीएमओ अपने-अपने क्षेत्रों में डेगूं मलेरिया से बचने के लिये जनजाग्रति अभियान चलायें - कलेक्टर

**मुरैना /** कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने कहा है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मुरैना जिले में एक जनवरी से अब तक 85 मरीज डेगूं पाये गये है, जिनमें से अभी भी 7 केस एक्टिव है। इनमें 6 केस ग्वालियर में ईलाज ले रहे है, जबकि 1 केस का मुरैना जिला चिकित्सालय में ईलाज चल रहा है।



आंकड़ा देखा जाये तो पिछले वर्ष मात्र 9 लोग डेगूं पॉजिटिव जिले में पाये गये थे, इससे प्रतीत होता है कि ब्लॉक स्तर पर भी लोगों में अवेयरनेस नहीं फैलायी गई है, इस कारण लोगों ने घरों में टूटे-फूटे बर्तनों पर ध्यान नहीं दिया हैं। वहां छतों पर पानी रूका हुआ है, या कूलरों साफ-सुथरा नहीं किया गया है। इसलिये साफ पानी रूका हुआ होने से डेगूं का लार्वा जिले में बड़ा है। इससे डेगूं के मरीज पॉजिटिव पाये है। समस्त बीएमओ टीम गठित करें, प्रत्येक गली, मोहल्ले एवं घनी आवादी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को प्रेरित करें, उन्हें समझाईश दे कि साफ पानी एकत्रित नहीं होने दें, कूलरों में पानी भरा हुआ है तो साफ करादें। डेगूं का लार्वा या मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। इसके लिये सभी बीएमओ प्रचार-प्रसार करावें। डेगूं के केस जिले में निकलना नहीं चाहिये। जहां केस अधिक निकलें है, वहां पर दवाईयों का छिड़काव और जांच टीम तत्काल भेजें।

# जिले के रेल्वे, बस स्टेण्ड पर कोविड के टीके लगाने की टीम गठित करें - कलेक्टर

**मुरैना /** कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिले के समस्त बीएमओ को निर्देश दिये कि दीपावली के समय सभी लोग अपने-अपने घरों पर बाहर से आ रहे है, हो सकता है, उनको वहां कोविड का टीका नहीं लगा हो। इसलिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिले के समस्त बीएमओ अपने-अपने क्षेत्रों के रेल्वे, बस स्टेण्ड पर कोविड वैक्सीनेशन की टीम गठित करें। यह टीम उन लोगों के उतरने पर वहीं टीका लगाये, यह कार्य 25 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक जिले में चलना चाहिये।

# नायब तहसीलदार पहाडगढ़ को नोटिस

**मुरैना /** कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन द्वारा रेवन्यू कोर्ट की समीक्षा की जा रही थी। जिसमें जौरा एसडीएम ने बताया कि विगत 28 सितम्बर से पहाडगढ़ नायब तहसीलदार हरिओम पचौरी अवकाश पर है। नाम मात्र के लिये मेडीकल भेज दिया है। इस पर कलेक्टर ने नाजाजगी व्यक्त करते हुये वेतन रोकने, कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# मुरैना जिले में 2 लाख 72 हजार 15 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसल लेना प्रस्तावित

**मुरैना /** जिले में रबी सीजन के दौरान 2 लाख 72 हजार 15 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसल लेना प्रस्तावित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी सीजन के दौरान जिले में सर्वाधिक 1 लाख 67 हजार 24 हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों की फसल ली जायेगी। 2 हजार 15 हेक्टेयर क्षेत्र में जौ, 85 हजार 23 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, 8 हजार 26 हेक्टेयर क्षेत्र में चना, 65 हेक्टेयर क्षेत्र में मटर, 23 हेक्टेयर क्षेत्र में मसूर और 8 हजार 39 हेक्टेयर क्षेत्र में अन्य फसलें लेना प्रस्तावित है।

# अवैध मदिरा के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही जारी

## 1 हजार 119 प्रकरण कायम कर 7 वाहनों से 2 हजार 180 बल्क लीटर मदिरा जप्त

**मुरैना /** जिला आबकारी विभाग जिले भर में अवैध मदिरा के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही कर रहा है। विभाग द्वारा 1 मार्च से 30 सितम्बर 2021 तक की अवधि में एक हजार 119 प्रकरणों में मामले दर्ज किये गये है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 7 वाहनों को जप्त कर उनसे 2 हजार 180.5 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई है। जप्त मदिरा राजस्थान और हरियाणा की है, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 74 हजार 577 रूपये है।

जिला आबकारी अधिकारी ने यह जानकारी 17 अक्टूबर 2021 को एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित ''नकली व जहरीली शराब के जागरूकता अभियान में आबकारी विभाग फिसड्डी''का खण्डन करते हुये दी। आबकारी अधिकारी ने बताया कि यह समाचार पूर्णतः असत्य व आधारहीन है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि सितम्बर में रात्रि 8 बजे से 1 बजे तक जिले के आबकारी बल द्वारा एबी रोड़ अल्लाबेली चौकी पर वाहन चैकिंग और अभी हाल ही में मुरैना में एक प्रयास नकली शराब के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाकर ग्राम छैरा, बरौली में चौपाल लगाकर नकली और अवैध शराब के विरूद्ध सचेत किया गया, जो निरंतर जारी रहेगा। अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही के लिये शासन द्वारा पुलिस और आबकारी दोंनो को ही शक्तियां दी गई है। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधि जैन का किसी शराब तस्कर से कोई ताल्लुक नहीं है।

# एक बीएलई एक सप्ताह में 100 आयुष्मान कार्ड बनायें - कलेक्टर



**मुरैना /** कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की। जिसमें जिले में 10 लाख 18 हजार 478 आयुष्मान कार्ड बनाये जाने थे, जिसमें अभी तक 5 लाख 13 हजार 209 आयुष्मान कार्ड बनाये गये है। इस पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि यह चिंता का विषय है कि लोगों को 5 लाख रूपये तक का ईलाज मुफ्त में मिले। उस कार्य को भी अधिकारी गंभीर होकर पूर्ण नहीं करा रहें है। इस पर उन्होंने समस्त बीएलई को निर्देश दिये कि एक सप्ताह में प्रत्येक बीएलई को 100 कार्ड बनाने है। जिले में लगभग 72 बीएलई कार्य रहें है। कलेक्टर ने कहा कि पिछले सप्ताह सभी बीएलई द्वारा 1 हजार 141 आयुष्मान कार्ड बनाये गये है, यह कहीं से भी संतोषजनक नहीं है।

# जिले में 86 हजार 165 क्विंटल बीज वितरण

**मुरैना /**जिले में रबी सीजन के दौरान 86 हजार 165 क्विंटल बीज वितरण की व्यवस्था की गई है। सर्वाधिक 72 हजार क्विंटल गेहूं बीज का वितरण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 7 हजार क्विंटल सरसों बीज, 1 हजार 250 क्विंटल जौ बीज, 5 हजार 450 क्विंटल चना बीज, 400 क्विंटल मटर बीज, 50 क्विंटल मसूर बीज और 15 क्विंटल अलसी बीज वितरण प्रस्तावित किया है।

जिले में एक लाख 224 क्विंटल बीज की उपलब्धता संभावित बताई गई है। जिसमें 77 हजार 943 क्विंटल गेहूं बीज, 14 हजार 404 क्विंटल सरसों बीज, 1 हजार 265 क्विंटल जौ बीज, 6 हजार 128 क्विंटल चना बीज, 410 क्विंटल मटर बीज, 56 क्विंटल मसूर बीज और 18 क्विंटल अलसी बीज की उपलब्धता है।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा आज

**मुरैना /** कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन की अध्यक्षता में जल-जीवन मिशन की समीक्षा 19 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ईपीएचई, जिला शिक्षाधिकारी, महिला बाल विकास, डीपीसी सहित पीएचई के समस्त एसडीओपी अन्य अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# जिला आपूर्ति अधिकारी का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश

**मुरैना /** जिले में बाजरा खरीदी के लिये पंजीयन का कार्य 15 अक्टूबर तक शासन के निर्देशानुसार किया गया। किंतु इसके बावजूद भी अभी भी पंजीयन के लिये आवेदन लगातार प्राप्त हो रहे है। इस पर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी भीकम सिंह तोमर से अभी तक हुये पंजीयन की जानकारी ली। जिसमें उन्होंने बताया कि जिले में 37 हजार 828 किसानों ने बाजारा के पंजीयन करायें है। किंतु इसका वेरिफिकेशन 22 अक्टूबर तक किया जाना है। इसकी जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी कलेक्टर को नहीं बता सके। इस पर कलेक्टर ने तत्काल भीकम सिंह तोमर का 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये।

# क्षत्रिय समाज का विशाल दशहरा मिलन समारोह एशाह में हुआ आयोजित

**भीमसेन सिंह तोमरअम्बाह।** असत्य पर सत्य की विजय के पावन पर्व दशहरा भगवान श्रीराम जी को नमन करते हुए दिल्लीपति क्षत्रिय सम्राट महाराजा अनंगपाल सिंह तोमर की द्वितीय राजधानी ऐसाह ग? चंबल घाटी मे मिलन समारोह भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुरैना रेस्ट हॉउस परिसर से एक भव्य चल समारोह के रूप मे हुई जिसमे ह?ारो की संख्या मे क्षत्रिय बन्धुओ ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाराजा अनंगपाल सिंह तोमर जी स्मृति दिवस एवं क्षत्रिय सम्राट मिहिरभोज परिहार जी की जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। जिसके संयोजक समस्त क्षत्रिय समाज एवं महाराजा अनंगपाल सिंह तोमर स्मारक समिति एवं अखंड राजपूताना संघ, जिला मुरैना की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम मे चल समारोह का स्वागत भी कई स्थानों पर प्रमुख रूप से कोर्ट तिराहे पर डॉक्टर शंकर सिंह जी तोमर ने किया, राठी काम्प्लेक्स वीर प्रताप सिंह सिकरवार, अम्बाह तिराहे पर आशीष सिंह तोमर ब?गांव एवं उनकी टीम ने, पॉलिटेक्निक कॉलेज पर अरुण गन हॉउस प्रमुख थे, एवं दिमनी, रानपुर, ब?गांव, ऐसाह ग्राम वासिओ द्वारा भी भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु समाज की कुरीतिओं को मिटाने की चर्चा की गई, एवं महाराजा अनंगपाल सिंह तोमर की अगले वर्ष हरियाली अमावस्या पर होने वाली जयंती पर उनकी अष्टधातु निर्मिति अश्वारोही 21 फुट ऊँची विशाल प्रतिमा के स्थापना हेतू जनसहयोग अभियान समस्त क्षत्रिय समाज की मौजूदगी मे प्रारम्भ हुआ जिसमे भूपेंद्र सिंह तोमर लवली भैया, तोमर बिल्डिंग ग्वालियर द्वारा 51 ह?ार रूपये की घोषणा की, रविंद्र सिंह तोमर दिमनी विधायक द्वारा 1 लाख रूपये के सहयोग की घोषणा की गई, आशीष तोमर ब?गांव द्वारा 51 ह?ार रूपये की घोषणा प्रमुख रही। इस ऐतिहासिक अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप मे श्री श्री 1008 बालक दास जी महाराज, श्री श्री 108 भवेश्वरी सरकार महंत, मुख्य अतिथि के रूप मे राजा साहब पहा?ग? शत्रु दमन सिंह, विशिष्ट अतिथिओ मे मुख्य रूप से दिमनी के लोकप्रिय विधायक रविंद्र सिंह तोमर भिडोसा, पूर्व विधायक सुमावली सत्यपाल सिंह सिकरवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सिकरवार गाँधी, करनी सेना प्रदेश अध्यक्ष राजा चौहान ग्वालियर, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौ?, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह तोमर छिछावली, नगर निगम मुरैना उपसभापति केशव सिंह तोमर पार्षद, अर्जुन सिंह तोमर पार्षद, अम्बाह जनपद अध्यक्ष रामू तोमर, तोमर राजवंश पुरोहित पंडित रामबहोर उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा अभय सिकरवार, क्षत्रिय इतिहासकार कप्तान सिंह तोमर ऐसाह, दिलीप सिकरवार रिटायर फौजी, सभाराम सिकरवार फौजी, बृजेन्द्र तोमर बरेह फौजी, उदय वीर सिंह सिकरवार, बिन्दुसार सिंह तोमर बीआरसी शिक्षा विभाग, विजय परमार अम्बाह। ऐतिहासिक आयोजन में सबको एकत्रित करने में मुख्य भूमिका रोहित सिंह तोमर पटवारी की रही।

# सीएम हेल्पलाइन में जिले की रैकिंग 19वे स्थान पर

**मुरैना /** कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा में जिले की 2 हजार 280 शिकायतें पोर्टल पर दिख रहीं है। जिसमें जिले का प्रतिशत 61.70 है। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी संतुष्टिपूर्वक शिकायतों को दो दिवस में हल करें। दो दिवस के बाद जिले की रैकिंग निकल जायेगी, इसलिये जिले को अच्छे जिलों में स्थान मिल सके। इसके लिये अधिकारी दिन-रात मेहनत कर सीएम हेल्पलाइनों को संतुष्टिपूर्ण समाधान करें।

कलेक्टर ने बैंक लिंपे*ग, पीएम स्वनिधि आदि योजनाओं पर भी विस्तार से निर्देश अधिकारियों को दिये।

# योगमाया बनी वॉइस ऑफ चम्बल 2021 की विजेता

## ...कार्यक्रम में मंच संचालन आरजे कवीर 95 एफएम द्वारा किया गया



**मुरैना /** रोटरी क्लब चम्बल द्वारा आयोजित वॉइस ऑफ चम्बल 2021 (किशोर नाईट) कार्यक्रम का ग्रान्ड फिनाले जो कि 17 अक्टूबर रविवार को शहर के वृन्दावन गार्डन में सम्पन्न हुआ, मोरेना की प्रतिभावान गायक कु. योगमाया उपाध्याय ने जीता वॉइस ऑफ चम्बल 2021 का विजेता का खिताब, उन्होंने अपनी गायिकी से श्रोताओं के साथ निर्णायक मंडल को भी आनंदित किया, इसी क्रम द्वितीय खिताब की विजेता रही कु. प्रिया सिकरवार ने एक बार फिर से वॉइस ऑफ चम्बल अपनी प्रस्तुति देकर और द्वितीय खिताब हासिल कर ये साबित कर दिया कि मोरेना की बच्चियां हर क्षेत्र में आगे है, इसी क्रम में तृतीय खिताब के हकदार रहे, पूरी प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी सोहेल खान जिन्होंने अपनी शानदार गायिकी का हुनर दिखाया, ये तीनों विजेताओं ने 12 प्रतिभागियों में रहकर मंच पर प्रस्तुति दी, और 4 सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा विजेता चुने गए, कार्यक्रम में शहर की जानी मानी हस्तियां, राजनेता, समाज सेवी संस्थाएं, शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार गण एवं संगीत से जुड़े लोग संगीत प्रेमी सम्मिलित हुए, कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्व मंत्री श्री गिर्राज डंडोतिया जी, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री योगेश पाल गुप्ता जी, जिलापंचायत सदस्य श्री राकेश रुस्तम सिंह जी एवं श्रीमती शालिनी जैन जी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया, कार्यक्रम में 12 प्रतिभागियों ने अपने गायन की प्रस्तुति दी एवं रेड हॉट ग्रुप द्वारा किशोर दा के 2 गानों पर डांस की प्रस्तुति दी, रोटरी क्लब चम्बल से सारे सदस्य गण कार्यक्रम में उपस्थित थे, कार्यक्रम के उपरांत रोटरी क्लब चंबल परिवार की ओर से सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल, सभी उपस्थित समाज सेवी संस्थाओं के सदस्यो, पत्रकारगण एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों, श्रोताओं का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया ।

# क्षत्रिय महासभा संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में हजारों क्षत्रियों की जनसंख्या की उपस्थित में दशहरा मिलन समारोह संपन्न हुआ

**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे।**
ग्वालियर । श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री शोबरन सिंह तोमर जी, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री श्री अरुण सिंह चौहान जी से मार्गदर्शन लेकर कार्यक्रम में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेन्द्र सिंह राजावत जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार आज क्षत्रिय और क्षत्राणियां ने कार्यक्रम में पहुच कर दशहरा मिलन समारोह को संपन्न करते हुए । क्षत्रिय एकता का परिचय दिया है आशा करते हैं कि ग्वालियर चंबल सहित संपूर्ण भारत के किसी भी कोने में क्षत्रिय समाज के मान सम्मान के साथ या संकट में फंसे हुए क्षत्रियों के साथ अन्याय होने पर हमारी यह एकता बनी रहेगी।




युवाओं के लिए बताया कि खाना,पीना, भोग-विलास में लिप्त रहना। हमारे कल्चर का हिस्सा नहीं है यह धारणा अंग्रेजों ने राजपूताना के गौरव को कमजोर करने के लिए डाली थी अतः जो संस्कार हमारे पूर्वज त्याग समर्पण और बलिदान हमें सिखा कर गए हैं उसी पद्धति पर चलना होगा और कोई भी कार्य करें को लक्ष्य बनाकर करें सफलता अवश्य हासिल होगी चाहे व्यवसाय का क्षेत्र रोजगार का क्षेत्र या पढ़ाई का क्षेत्र हो,

सभी युवाओं को अपने पिता की तपस्या को ध्यान में रखते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की आवश्यकता है बच्चे के पैदा होते पिता एक तपस्वी की भाति उनको हर सुख सुविधा पढ़ाई लिखाई काबिल इंसान बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत और परिश्रम करता है जो किसी तपस्या से कम नहीं है अतः प्रत्येक युवा को अपने अभिभावकों की ताकत बनने की जरूरत है। गलत संगति गलत काम करके उन को कमजोर करने की कोशिश ना करें

प्रत्येक अभिभावकों को आपके बच्चे क्या कर रहे हैं किस से मिल रहे हैं उनकी एक्टिविटी पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। तभी हमारे राजपूताने का गौरवमई कल्चर बचाया जा सकता है।

और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के आदरणीय कोषाध्यक्ष श्री योगेंद्र सिंह कुशवाह श्री हरि सिंह सिकरवार श्री पप्पू सिंह परिहार श्री वेद प्रकाश सिंह राजावत श्री धर्मेंद्र सिंह परमार श्री विजय सिंह सिकरवार श्री शोभित सिंह चौहान,श्री सन्तोष सिंह भदौरिया,श्री आशू पृताप सिंह राजावत ,श्री गुलशन सिंह भदौरिया, श्री नरेश सिंह भदोरिया बहन रेखा परमार, श्रीमती पुष्पा राजावत ,श्रीमती नीलम चौहान, श्री राम राज सिंह भदौरिया श्री राजेश सिंह जादौन ,श्री राजेश सिंह जादौन ,श्री वीरु सिंह राजावत श्री ,रामवीर सिंह परिहार, श्री अवधेश सिंह भदौरिया, श्री बलराम सिंह राजावत जिला अध्यक्ष ,भिंड श्री बृज भान सिंह तोमर, श्री राम गोविंद सिंह राजावत , श्री, श्री सत्येंद्र सिंह राजावत, श्री राजेश सिंह जादौन श्री दिलीप सिंह राजावत श्री योगेश सिंह सेंगर श्री गिरिराज सिंह भदौरिया श्री अक्की सिंह राजावत, एवं झांसी से पधारे राष्ट्रीय हिंदू एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अरुण सिंह चौहान दतिया से आए सभी युवा भाई एवं मुरैना से पधारे श्री अरविंद सिंह परमार हरेंद्र सिंह परमार ,अभिषेक सिंह भदौरिया,अमित तोमर,प्रदीप सिंह तोमर विपिन तोमर श्री लोकेंद्र सिंह राजावत योगेन्द्र सिंह तोमर गगन सिंह राजावत का विशेष योगदान से विभिन्न जगहों से श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों एवं संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा जिसके लिए सभी को श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी ने आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन हुआ




**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड, दैनिक पुष्पांजली टुडे 9826576206**

## कांग्रेस प्रत्याशी ही चुनाव जीतेंगे-चौ राकेश सिंह

खंडवा। खंडवा में उपचुनाव प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए पूरे दमखम से चुनाव प्रचार प्रसार में जुट गए हैं, चुनाव प्रचार के लिए कई प्रादेशिक नेताओं ने भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए जनसंपर्क कर रहे हैं, इसी क्रम में आज लोकसभा उपचुनाव हेतु लोहरदा, कांटाफोड़ में कांग्रेस प्रत्याशी राजनारायण सिंह के चुनाव कार्यालय का पूर्व मंत्री व विधायक जयवर्धन सिंह, पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह ने कार्यालय का शुभारंभ किया। खण्डवा उपचुनाव में प्रचार के दौरान पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी को जनविरोधी पार्टी बताते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में आमजन परेशान हैं, किसान खाद के लिए परेशान हो रहा है, युवा रोजगार के लिए भटक रहा है और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौ राकेश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उपचुनाव में जनता कांग्रेस के साथ है, और इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत निश्चित है।

# पुरानी भडेर देवली कलाँ मे प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

**पुष्पाजंली टुडे, पाली।**
सीरवी समाज पुरानी भडेर देवली कलाँ मे आईमाताजी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य अब तेज गति से चल रहा है संस्था के अध्यक्ष धनराज पँवार सचिव भँवरलाल सोलंकी समिति पंच भँवरलाल चोयल कोटवाल कालुराम लचेटा जमादारी मोहनलाल राठौ? व समस्त खुटीया पंचो की अगुवाई में विभिन्न साम्रग्री हेतु सभी को अलग अलग टीमें बनाकर कार्य सौपा जा रहा है पाँच दिनों तक चलने वालें इस कार्यक्रम मे समाज के प्रवासी भाई ब? च?कर भाग ले रहे है ।



मंदिर प्रांगण मे चार दिन तक हवन यज्ञ होगा जिसमें समाज के सभी जो?ें सहित यज्ञ हवन मे आहूति देगें इसके साथ ही दीवान माधवसिंहजी का बधावा कलशयात्रा झाँकी समाज की गैर मंडली व अन्य विभिन्न प्रोग्राम होगें इसी के तहत भजन मंडली घीसाराम चोयल मारसा के अगुवाई मे हर रोज अलग अलग भजन गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे व साथ ही बोलियों का कार्यक्रम होगा मंदिर प्रतिष्ठा के दिन पुरे गांव के छत्तीस कौम को निमंत्रण दिया गया व सभी रायपुर परगना के गावों के कोटवाल जमादारी व समस्त पंचगण इस कार्यक्रम में भाग लेगे साथ ही समाज के ब? पदाधिकारी व राजनीति पार्टी से सांसद विधायक प्रधान व विभिन्न राजनीति पार्टियों के नेतागण उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रवासी समाज सेवी व मुख्य एक महीने पहले ही मारवा? के लिए प्रस्थान हो गये ताकि पंचो के साथ रुपरेखा बनाने में सहयोग कर सके मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मे संस्था के हर प्रवासी भाईयों को आने के लिए दो महीने पहले ही समय पर टिकट लेकर इस आईमाताजी के मैले मे आने का निमंत्रण दे दिया ताकि हर परिवार आ सकें चेन्नई से नेमीचन्द सीरवी ने बताया की पाँच दिन चलने वालें इस कार्यक्रम मे सभी ब? बुर्जुगों की सहला से कार्य होगा व समाज की संस्था का जो निर्णय होगा वो हम सभी युवा साथ लेकर उस निर्णय कार्य को पुरा करेंगे इसके साथ ही संस्था के प्रवासी भाई मल्लाराम परिहार रुपाराम राठौ? दुर्गाराम पंवार हरिराम गहलोत सभी इस कार्यक्रम को सहयोग करने मारवा? अपनी जन्मभूमि पहुंच गए है बाकी सभी दीपावली के बाद मारवा? की धन्य धरा पर इस कार्यक्रम में पहुंच जाएंगे यह जानकारी संस्था सदस्य नेमीचन्द सीरवी ने दी।

# योगी और मोदी सरकार की पुर्नवापसी रोकने के लिए गृह युद्ध तक करवाने को तैयार है विपक्ष - संजीव सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
बिहार । राष्ट्रवादी चिंतक और विचारक अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने आज मीडिया में कहा की भारत के मजबूत होते राष्ट्रवाद और दुनिया भर में उत्साहित भाव में बढ़ती सनातन संस्कृति के खिलाफ आज विश्व भर के भारत विरोधी देश राजनयिक मजहबी सामाजिक और भारत के खिलाफ काम करने वाले हजारों एनजीओ एवं ट्रस्ट के साथ देशभर के तमाम विपक्षी पार्टी आज साझा रणनीति के तहत काम करके दिखाई दे रही है। जहरीले सेक्युलरिज्म और जातिवाद अलगाववाद आतंकवाद भाषावाद नक्सलवाद प्रेमी देश और दुनिया के तमाम संगठन मीडिया कर्मी आज भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के तेजी से उभरते हुए राष्ट्रीय पटल वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ बहुत बड़ी सामूहिक साजिश षड्यंत्र रच कर काम कर रहे हैं। भारत में अब विचारधारा की राजनीति खत्म होती से दिखाई दे रही है। विपक्ष लोकतंत्र को अपने



राजनीतिक आतंकवाद के विस्तार के लिए उपयोग कर रहा है। आज भारतीय लोकतंत्र और संविधान की कमजोरी का नाजायज फायदा उठा कर देशभर में अल्पसंख्यक के परदे तले लाखों मजहबी सेंटर और संगठन के साथ-साथ बब्बर खालसा और खालिस्तानी संगठन एकजुट भाव से देश में उपद्रव अशांति और हिंसा फैलाने मे लग गए हैं। इस तरह के तमाम कार्यों में केंद्र के मोदी सरकार विरोधी सभी राजनीतिक दल किसान मजदूर छात्र बेरोजगार के साथ-साथ जातीय जनगणना के बनावटी नाटक तले देश को और असहज व नुकसान करने पर लग गए हैं । आज हालात इतने खराब है की देशभर में हत्या बलात्कार लूट भी राजनीतिक चश्मे के तहत देखकर विरोध और समर्थन का खेल बन चुका है। भारत में एक बड़े गृह युद्ध की तैयारी चल रही है। दिल्ली के लाल किला पर हमला, दिल्ली का दंगा जम्मू और कश्मीर में हिंदू कार्यकर्ता आम जनों पर चुन-चुन कर जानलेवा हमला बंगाल में हिन्दू परिवार के लोगों के साथ खूनी खेल और उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में सिख बहुल इलाके में प्रायोजित रूप से राजनीतिक हत्याकांड को अंजाम देना आदि उसी अगले घटनाक्रम का साक्षात संकेत है। अतः भारत सरकार को देश के बाहरी के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा के लिए 30 करोड़ राष्ट्र वादियों को लेकर वंदे मातरम सेना का गठन करने का अभिलंब पहल करना चाहिए। यह तय है की उत्तर प्रदेश के चुनाव से लेकर मोदी सरकार के अगले चुनाव तक देश में लगातार हिंसा दर हिंसा उपद्रव सांप्रदायिक घटनाएं बहुत व्यापक स्तर पर देखने को मिलेंगी। यहां तक की भारत में अब तक का सबसे बड़ा गृहयुद्ध देखने को भी मिल सकता है।

# रूपावास स्वर्गीय ठाकुर साहेब की यादगार में स्तंभ बनाने के लिए भूमि पूजन किया गया



**पुष्पांजली टुडे/नेनाराम सिरवी**

पाली रूपावास।स्वर्गीय ठाकुर साहब केसर सिंह की याद में गांव के मुख्य चौराहे पर भव्य स्तंभ बनाने के लिए सर्व समिति से विधि विधान से पूजा अर्चना करके भूमि पूजन किया गया।गांव रुपावास चारणान के सर्व सम्मानीय स्वर्गीय ठाकुर साहब केसर सिंह (पूर्व विधायक) की याद में गांव के मुख्य चौराहे पर भव्य सर्कल बनाने के लिए सभी ग्रामवासियों ने बड़े हर्ष उल्लास एवं विधि विधान मंत्रोचार से भूमि पूजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सम्मनीय ठाकुर साहब प्रियव्रत सिंह ( पूर्व प्रधान) छोटे भाई सिद्धार्थ सिंह (सेवानिवृत्त ढ्रूस अधिकारी) भवानिशंकर पण्डित, सरपंच सुरेश बंजारा गंगा सिंह , गुमान सिंह समाज सेवी हरिभाई पटेल अमराराम पटेल, दीपाराम बंजारा, सरपंच ,धनराज, जितेंद्र पंवार एवम सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने संभाला कार्यभार

**पुष्पांजली टुडे/नेनाराम सिरवी**



पाली। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने सोमवार को अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यभार संभाला । पुलिस अधीक्षक कालूराम रावत का स्थानांतरित होने पर यह पद रिक्त हो गया था। इस दौरान पाली के नए पुलिस अधीक्षक दुष्यंत राजन ने कार्यभार संभाला । जिले में विभिन्न अपराध की गतिविधि को रोकने के लिए पाली पुलिस अधीक्षक कप्तान की जिम्मेदारी अब दुष्यंत राजन को दी गई।

# मध्य प्रदेश के 12 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, बिजली गिरने का भी अलर्ट

**केशव पंडित जी ब्यूरो।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया है। पिछले 24 घंटे में एक दर्जन से ज्यादा जिलों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई है। आज सोमवार को एमपी के मौसम विभाग ने 12 जिलों में गरज चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वही सभी संभागों में बारिश के साथ बिजली गिरने और चमकने की संभावना है।इसके चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है।



मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज 18 अक्टूबर 2021 को श्योपुर, भिंड, मुरैना, दतिया, बालाघाट,पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, शिवपुरी, सागर, दमोह और निवाड़ी जिले में भारी बारिश की संभावना है। वही रीवा, सागर, ग्वालियर, भोपाल, चंबल संभागों में कई स्थानों पर बारिश के साथ बिजली गिरने और चमकने के चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। वही 30-40 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।इसके अलावा सभी संभागों में बारिश के आसार है।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में एक कम दबाव का क्षेत्र दक्षिणी महाराष्ट्र और उसके आसपास बना हुआ है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश में विपरीत दिशा की हवाओं (पूर्वी-पश्चिमी) का टकराव हो रहा है, जिसके चलते राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ रही है।वही सोमवार-मंगलवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें प?ने की संभावना है।बौछारें प?ने का सिलसिला अभी दो दिनों तक बना रह सकता है। उसके बाद मौसम साफ होने लगेगा।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो श्योपुर जिले में 24 घंटे में 12 इंच से ज्यादा की बारिश हुई है।इसके बाद गुना और दतिया में 4-4 इंच के साथ होशंगाबाद, बुरहानपुर और ग्वालियर में 2 से लेकर 3 इंच तक बारिश हुई है। वही अचानक हुई इस भारी बारिश से श्योपुर, गुना, रायसेन, बैतूल दतिया, विदिशा में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।भोपाल में ट्रैफिक जाम तो बुरहानपुर में बहादरपुर रोड पर नाले का पानी आने से मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र से संपर्क टूट गया।हालांकि बुंदेलखंड और महाकौशल और विंध्य के इलाकों में कम बारिश हुई।

**क्या कहता है मौसम विभाग**

मौसम विभाग की मानें तो वर्तमान में दक्षिणी महाराष्ट्र क्षेत्र में निम्न दाब क्षेत्र दक्षिण-पश्चिमी झुकाव वाले समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई तक फैले चक्रवातीय परिसंचरण के साथ संयुग्मित है। वहीं पूर्व-पश्चिम ट्रफ लाइन अरब सागर में मर्तबान की खाड़ी से निम्न दाब क्षेत्र तक विस्तृत है। साथ ही पश्चिमी विक्षोभ (ड्ड्रष्ठ) दक्षिणी अफगानिस्तान के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में मध्य औऱ ऊपरी क्षोभमंडल की पछुवा पवनों के बीच एक ट्रफ के साथ अवस्थित है। कर्नाटक से लेकर तमिलनाडु तक अन्य ट्रफ लाइन गुजर रही है।

# लांजी किरनापुर को ब्रॉडगेज से जोडऩे किरनापुर में ब्रॉडगेज संघर्ष समिति का गठन

## ब्रासंस अध्यक्ष भरत कालबेले ने पदाधिकारियों की सूची जारी की, कहा सब मिलकर करेंगे संघर्ष

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**
बालाघाट । तीन राज्यों की सीमा पर स्थिति और तीन राज्यों को आपस में जोडऩे की हैसियत रखने तथा जिले में वन, खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में होने के और हजारों लोगों को रोजगार प्रदान कर सके इसकी भरपूर संभावनाओं के बावजूद भी बालाघाट जिला और बालाघाट जिले का ऐतिहासिक नगर लांजी किरनापुर क्षेत्र पिछड़ा हुआ है, क्योंकि केवल ब्रॉडगेज ट्रेन से इस क्षेत्र की सीधी कनेक्टिविटी नहीं है, और जिसके कारण बड़े उद्योगों की क्षेत्र में



परिकल्पना भी नहीं की जा सकती, ऐसे में ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप सिंह बैस के साथ मिलकर और उनके मार्गदर्शन में लांजी किरनापुर क्षेत्र के यूवा नेता भरत कालबेले ने ब्रॉडगेज के लिये संघर्ष का संकल्प और संघर्ष की जिम्मेदारी अपने कांधों पर ले ली है।

ब्रासंस लांजी किरनापुर के अध्यक्ष मनोनित किये जाने के बाद ब्रॉडगेज आंदोलन को बड़ा रुप देने की तैयारी के लिये विगत दिनों भरत कालबेले ने किरनापुर में जुझारु युवाओं के साथ बैठक ली, और उसके पश्चात उन्होंने किरनापुर में ब्रॉडगेज संघर्ष समिति का गठन कर पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। श्री कालबेले ने ब्रासंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप सिंह बैस की अनुशंसा पर ब्रॉडगेज संघर्ष समिति किरनापुर के संरक्षक एवं मार्गदर्शक मंडल में एस.एल. चापेकर, अरुण पाराशर, जगदीश पाँचे को सदस्य मनोनित किया है, वहीं प्रफुल नेवारे, बेनी माधव बहेकार, अफजल पटेल को ब्लॉक उपाध्यक्ष, डॉक्टर ईशु खरे, दिनेश वासनिक को ब्लॉक सचिव, राजेश कौशले, राहुल बाहे को ब्लॉक महासचिव एवं कुणाल सीहोरे को ब्लॉक सोशल मीडिया प्रभारी मनोनित किया है। संगठन के सभी पदाधिकारीयों को राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस एवं ब्रॉडगेज संघर्ष समिति बालाघाट लांजी, घंसौर सिवनी, मंडला, नैनपुर, केवलारी के समस्त संगठन पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है, तथा क्षेत्र के विकास के लिये जरुरी ब्रॉडगेज के लिये संघर्ष का आहवान किया है। ब्रासंस अध्यक्ष भरत कालबेले ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये ब्रॉडगेज सबसे ज्यादा जरुरी है, तथा खनिज एवं अनेक प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण लांजी किरनापुर तहसील को वे उसका अधिकार दिलाकर रहेंगे। श्री कालबेले ने अधिक से अधिक युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं से ब्राडगेज संघर्ष समिति से जुडऩे का आहवान किया है।

# सीरवी समाज ट्रस्ट कांचीपुरम में भजन संध्या का आयोजन हुआ

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा।** बेंगलूर-सीरवी समाज ट्रस्ट कांचीपुरम टूअटाकोनम मैन रोड पल्लूर हेंमत कुमार स्वर्गिय भंवरलाल के निवास में संध्या का



आयोजन हुआ। माताजी के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। गणेश वंदना के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ।जिसमें भजनकार गायक पुखराज वैष्णव मानु एंड पार्टी की ओर,से राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओ को भावविभोर कर देर रात तक जम कर नचाया । इस अवसर मुख्य अतिथि भारतीय उद्योग एवं व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री एवं तामीलनाडु गिरवी ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द महाराज संघठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भबूतराम कुलदानिया,प्रदेश निजी सचिव श्री देव मिश्रा तामीलनाडु व्यापारी सघंठन के प्रदेश सहसचिव टी.पारसमल चोयल, सहित महिलाएं व ट्रस्टीगण सदस्य मौजूद थे।

## संपादकीय

# फिलहाल भाजपा का कोई विकल्प नहीं!

**लेखक-डॉ. भरत मिश्र प्राची**

राजनीति में समय समय पर बदलाव होता ही रहता है। इस बदलाव में कौन सिरमौर बन जाय, किसकी जमीन खिसक जाय कोई कुछ कह नहीं सकता। राजा से रंक, रंक से राजा बनते देर नहीं लगती फिर भी राजनीति का गुरूर एक बार सिर चढ़ जाय तो उतरने का नाम नहीं लेता। जिसके कदम इस परिवेष में उलझ जाते ,निकलने का कभी नाम नहीं लेते।

राजनीति के बदलते परिवेष में किसे पता था कि वर्शो तक राजनीति में एक छत्र षासन करने वाली कांग्रेस अल्पमत में आ जायेगी एवं मात्र दो सीट पाकर अपनी नई राजनीतिक कैरियर की षुरूआत करने वाली भाजपा बहुमत में आ जायेगी। राजनीति के बदलते इस परिवेष में एक समय ऐसा भी हुआ करता कि कांग्रेस को पराजित करने के लिये समस्त विपक्ष एक मंच पर खड़ा नजर आता एवं कांग्रेस को अपनी इस एकता की ताकत से सत्ता से दूर कर सत्ता हथिया लेता। आज के समय में विपक्ष बिखरा हुआ है। जिसका पूरा राजनीतिक लाभ भाजपा को स्वतः हीं मिलता नजर आ रहा है। इस तरह के उभरते राजनीतिक हालात के वर्तमान परिदृष्य पर नजर डाले जहां भाजपा को मात देने वाली कांग्रेस आज नेतृत्व विहिन होने के कारण आपसी कलह का षिकार होकर दिन पर दिन कमजोर होती जा रही है। उत्तर भारत में सत्ता मोह में उलझे क्षेत्रिय राजनीतिक दल इस तरह बिखरे पड़े जो आपसी स्वार्थ एवं अभिमान के चलते एक साथ खड़े हो ही नहीं सकते। उत्तर प्रदेष पर कांग्रेस के बाद एक छत्र षासन करने वाले बासपा एवं समाजवादी पार्टी की राजनीतिक दषा से सभी भलिभॉति परिचित है । जहां कहां जाता रहा है कि उत्तर प्रदेष में कांग्रेस के बाद माया मुलायम का कोई विकल्प नही वहीं आज भाजपा वहां की सता पर इस तरह हावी हो गई है जहां विपक्ष के बिखराये परिवेष में वोटो के विकेन्द्रीयकरण होने के कारण फिलहाल उसका कोई विकन्प नहीं। इसी तरह के हालात प्रायः देषभर में उभरते नजर आ रहे है जहां विपक्ष के आपसी बिखराव का लाभ भाजपा को मिलना स्वाभाविक है।

देष में लोकसभा चुनाव मई 2024 में है जो अभी काफी दूर है । इस लोकसभा चुनाव से पूर्व कई राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे जो लोकसभा की भावी तस्वीर को प्रस्तुत करेगे। अभी हाल हीं वर्श 2022 में मार्च माह में गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेष एवं उतराखंड पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले है जहां गोवा, उत्तर प्रदेष एवं उतराखं डमें भाजपा की सरकार तो मणिपुर में भाजपा एवं सहयोगी दल तथा पंजाब में कांग्रेस की सरकार है। पंजाब की वर्तमान राजनीतिक दषा जहां सत्ता परिवर्तन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरेन्द्र सिंह के बगावती तेवर आगामी चुनाव को नया रंग दे सकते है वहीं उत्तर प्रदेष में बासपा , कांग्रेस एवं समालवादी पार्टी के वोटों के विकेन्द्रीयकरण से भाजपा को राजनीतिक लाभ मिलना स्वाभाविक है। इस तरह इस चुनाव में भाजपा का सर्वोपरि सत्ता पर वर्चस्व में बने रहने की संभवनाएं साफ साफ उभरती नजर आ रही है। इसी तरह नव. दिस. 22 में हिमाचल, गुजरात एवं जनवरी 23 में राजस्थान, मध्यप्रदेष, छत्तीसगढ़, राज्यों के विशानसभा चुनाव एक साथ हो सकते है । इन राज्यों की राजनीतिक दषा जहां वर्तमान में हिमाचल, गुजरात, मध्यप्रदेष में भाजपा की सरकार है तो राजस्थान एवं उत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार चल तो रही है पर किस तरह चल रही किसी से छिपा नहीं है। आज कांग्रेस से निकलकर कोई बाहर जा रहा है तो उसे जाने से रोकने वाला कांग्रेस के पास सषक्त नेतृत्व नजर नहीं आ रहा है। जिसका आगामी विधानसभा चुनाव पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। इस तरह देष में लोकसभा चुनाव से पूर्व होने वाले राज्यों के चुनाव में भाजपा सर्वोपरि नजर आ रही है। अभी हाल ही में देष में हुये विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्षन बेहतर ही रहा। इस तरह की स्थिति लोकसभा चुनाव को भी प्रभावित करेगी। वोटों के विकेन्द्रीयकरण के चलते केन्द्र की सत्ता परिवर्तन के आसार कहीं से नजर नहीं आ रहे है। जहां भाजपा का कोई फिलहान विकल्प नजर नहीं आ रहा।

## (चिंतन-मनन) दान और परोपकार से घटता नहीं है धन

सभी धर्मों में कहा गया है कि दान करो। दान करने से धन घटता नहीं है बल्कि आपका धन बढ़ता है। लेकिन समस्या यह है कि लोग धन बढ़ने का तात्पर्य यह समझते हैं कि आज आप सौ रूपये कमाते हैं तो कल हजार रूपये कमाने लगेंगे। शास्त्रों में मुद्रा को धन कभी कहा ही नहीं गया है। शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति जो पुण्य अर्जित करता है वही धन है। पुण्य रूपी धन परोपकार और जनहित से बढ़ता है। मुद्रा रूपी धन तो आपको उतना ही मिलेगा जितना आपकी किस्मत में होगा। अगर आप दान भी कर दें तो आपके पास उतना ही रहेगा जितना आपके भाग्य में है। अगर आप संचित करके भी रखेंगे तब भी उतना ही बचेगा जितना आपकी किस्मत में विधाता ने लिख दिया है।

दक्षिण भारत की एक कथा है इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। एक गरीब ब्राह्मण था। दिन भर अपना काम करता इसके बाद जो भी समय बचता उसे भगवान की सेवा में लगा देता। ब्राह्मण की पत्नी अक्सर ब्राह्मण से कहती पूजा-पाठ से क्या लाभ है भगवान तो हमारी सुनते ही नहीं, पता नहीं हमारी गरीबी कब दूर होगी। एक दिन ब्राह्मणी की बात सुनकर ब्रह्मण बहुत दुःखी था। पूजा करने बैठा तो भगवान प्रकट हो गये।

## राशिफल

शुभ संवत 2078, शाके 1943, सौम्य गोष्ठ, आश्वनि शुक्ल पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिमें तिथि चर्तुदर्शी, भौमवासरे, उ.मा. नक्षत्रें, व्यय योगे, गरकरणे, मीन की चंद्रमा, भ्रदा सांय 5/47 मूल प्रा.रात्रि 12/56 से तथा सर्वार्थ सिद्ध योग, रात्रि 12/10 मिनट तक रहेगा, उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, बैंक कर्मचारी, कमीशन एजेन्ट तथा लिपिक, लेखापाल, कैशियर, होगा।

मेष :- कुछ विक्षुब्धकारी तत्व परेशान करेंगे, कुटुम्ब में अशांति अवश्य ही बनेगी, ध्यान रखें।

वृष :- स्त्री-वर्ग की चिन्ता, तनाव व क्लेश, अशांति, मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बन जायेगी।

मिथुन :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, उद्विघ्नता बने, विरोधी परेशान करेंगे।

कर्क :- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े हुए कार्य अवश्य ही बनेंगे, कार्ययोजना अवश्य बनेगी।

सिंह :- आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा, कार्यवृत्ति में सुधार तथा कार्ययोजना अवश्य ही बनेगी।

कन्या :- क्लेश से अशांति, कार्यव्यवसाय में बाधा होकर हाथ से जाता रहे, ध्यान रखें।

तुला :- मानसिक उद्विघ्नता, स्वास्थ्य नरम रहे, धन का व्यय, व्यर्थ-भ्रमण होगा तथा कार्य बनेंगे।

वृश्चिक :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक बेचैनी, व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय निश्चय होगा।

धनु :- चिंताएं कम हों, इष्ट मित्र सुखवर्धक हें, तनाव, क्लेश व अशांति से बचना चाहिये।

मकर :- धन का व्यर्थ व्यय हो, चोट-चपेट आदि से डर तथा भय, सतर्कता से कार्य करें।

ड़ॉ पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# कहो तो कह दूँ - इधर पीने का पानी नसीब नहीं, वे 'मच्छरों' को 'जूस' पिलाने कह रहे



**लेखक-चैतन्य भट्ट**

अब इनकी सुनो, स्वीडन की एक कंपनी है ÷मॉलिकुलर अट्रेक्शन÷ उसने बड़ी खोज करी कि दुनिया से मच्छरों का खात्मा कैसे किया जाए , वैसे आज आदमी ÷चाँद÷ के गढडो को देख आया है, ÷मंगल÷ में पानी की सम्भवनाओं की भी खोज कर ली है, ÷शुक्र÷ और ÷शनि÷ की पूरी जानकरी भी इकठी कर ली है लेकिन दो इंच के मच्छरों को आज तक ख़त्म नहीं कर पाया, वे आज भी बेहतरीन मलेरिया, डेंगू सब फैलाये पड़े है और कोई उनका कुछ नहीं उखाड़ पा रहा है , कोई साफ पानी में पल रहा है तो कोई गंदे पानी में द्य सब मच्छरों की अपनी अलग अलग पसंद है द्य कोई बीमारी मादा के काटने से हो रही है तो कोई नर मच्छर के काटने सेद्य बचा है तो उनका बच्चा, देखना ये है कि वो कौन से नई बीमारी का जन्मदाता बनता है द्य खैर बात हो रही है स्वीडन की कंपनी की खोज की, उनका कहना है कि जिनको मलेरिया हो जाता है उनके खून में एक तरह का ÷मॉलिक्यूल÷ पाया जाता है जो गंध छोड़ता है जिससे मच्छर आकर्षित होते हैं कंपनी का कहना है कि इसके लिए ÷चुकंदर का जूस÷ बनाकर उसने वो मॉलिक्यूल मिलाकर और फिर उसमें जहर मिला दें , चूंकि चुकंदर का जूस लाल रंग का होता है इसलिए उसको पीने के लिए मच्छर आएंगे और उसमें मिले जहर से उनकी मौत हो जाएगी द्य समझ में नहीं आता इधर साला भारत में पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है लोगों को , मीलों दूर से पानी ले ले कर आती है महिलायें और पुरुष, आधी से ज्यादा आबादी ने जूस कैसा होता है देखा नहीं है और कंपनी कह रही है कि मच्छरों को जूस पिलाओ द्य उन कंपनी वालों को शायद पता नहीं है कि ये मच्छर बहुत ही ढीठ और बेशर्म होते हैं हजारों टन ÷डीडीटी पॉवडर÷ और ÷नुवान÷ खा पी चुके है लेकिन उनका बाल भी बांका नहीं हुआ , अरबों रूपये इनके निर्मूलन में सरकार ने खर्चा कर डाले लेकिन वे बाकायदा मूंछ पर ताव देते हुए हर घर में, हर गली में, हर नाली में, हर कूचे में घूंमते मिल जाते हैं द्य चलो किसी प्रयोगधर्मी ने जूस बना भी लिया तो उनको निमंत्रण कैसे देंगे कि भाइयो आओ आज आपकी जूस की पार्टी है या फिर एक को पकड़ पकड़ कर उसे जूस पिलाना पड़ेगा या फिर नालियों में कूलरों में जूस डालना पड़ेगा द्य वैसे ही मंहगाई अपने चरम पर है चुकंदर भी कोई सस्ता थोड़े न आता है और फिर एक ग्लास जूस के लिए आधा किलो चुकंदर तो चाहिए न द्य कहा तो ये जाता है कि चुकन्दर का रस पीने से ÷हीमोग्लोबीन÷ बढ़ता है ऐसा न हो कि ये वाला जूस पीकर ये मच्छर और ज्यादा मोटे तगड़े हो जाएँ , क्योकि अब किसी जहर का उन पर कोई असर तो होता नहीं है अपनी तो राय ये ही है कि भैया उनको अपना काम करने दो , सैकड़ों बरस बीत गए उनको इंसानो को काटते काटते सो उनको काटने दो, मलेरिया हो जाए या डेंगू हो जाये तो चुपचाप अस्पताल में भर्ती हो जाओ द्य इन मच्छरों ने तो निजी अस्पताल वालों से भी कमीशन सेट कर रखा है कि हम इधर इंसानो को काट कर रोगी बनाएंगे और तुम उनको अस्पताल में भर्ती करने के बाद उनकी जेब काट लेना हम इधर खून चूसेंगे तुम उधर खून चूस लेना द्य

**ये क्या कह दिया आपने मामाजी**

आजकल अपने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह यानि मामाजी कई तरह की बाते कर रहे हैं जिनको सुनकर आदमी आश्चर्य से भर जाता है द्य अब देखो न हाल ही में सिविल सर्विस की परीक्षा पास करके आये भविष्य में होने वाले अफसरों से मामाजी ने कहा कि सिबिल सर्विसेज पैसा कमाने का माध्यम नहीं है बल्कि जनता की मदद करने करने का माध्यम हैं , आप लोग काम अटकाने वाले अफसर मत बनाना बल्कि काम निकलने का रास्ता ढूंढने वाले अफसर बनना द्य अपन तो उनकी बात सुनकर मूर्छित हो गए काफी देर बाद जब होश में आये तो सोचा ये मामाजी क्या कह रहे हैं , अरे हुजूर आप को तो सत्ता चलाते चलाते कई बरस बीत गए हैं अफसरों की नब्ज आपसे ज्यादा कौन जानता है यदि कोई अफसर काम न अटकाए तो वो अफसर काहे का, जनता यदि अपने काम के लिए उसके चकार न काटे तो धिक्कार है उस अफसर को, अफसर का तो जन्म ही हुआ है काम अटकाने के लिए , किसी भी दफ्तर चले जाओ, किसी तरह बाबू को सेट करके अफसर के पास फाइल पंहुच भी जाए तो उसको एक सेकंड लगता है उसमें मीन मेख निकालने में जनता के हित की कोई भी बात हो उसका छोटा काम जो या बड़ा, यदि उसमें टांग नहीं अड़ाई तो अफसर होना व्यर्थ है आप भी कैसी सलाह दे रहे है मामाजी, जिसका कोई अर्थ नहीं है , हो सकता है कुछ लोग ईमानदारी से काम करने, जनता को राहत दिलाने की मंशा से सिविल सर्विसेज में आते हों लेकिन ये सिस्टम उनको चलने दे तब न, ज्यादा ईमानदारी दिखाई तो समझ लो गए लूप लाइन में जिंदगी भर बाबू बनकर फाईलें निबटाते रहो, कहने को भले ही अफसर हो द्य तो जब सारा सिस्टम ही लड़खड़ा गया हो उनसे क्या उंम्मीद की जा सकती है अफसर जैसा कर रहे है करने दो जो नए आएंगे वे भी उसी रंग में रंग जाएंगे क्योकि पानी में रहकर मगर से बैर तो लिया नहीं जा सकता

सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी को रात में मच्छर ने काट लिया

गुस्से में श्रीमान जी रात भर उसके पीछे चप्पल लेकर भागते रहे लेकिन मार नहीं पाए होते होते सुबह हो गई

तब श्रीमान जी बोले ÷चलो उसे मार तो नहीं पाया लेकिन खुशी इस बात की है कि रात भर मैंने उसे भी सोने नहीं दिया÷

## (विचार मंथन)

# फिर बेलगाम आतंकी





-सिद्वार्थ शंकर

जम्मू-कश्मीर में अचानक से बढ़ी आतंकवादी वारदातों का सेना ने कड़ा जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर में नागरिकों की हत्या के बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच नौ मुठभेड़ों में 13 आतंकवादी मारे गए हैं। 24 घंटे में ही श्रीनगर शहर के 5 में से 3 आतंकवादियों को ढेर किया गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान मुठभेड़ और उसमें जवानों के शहीद होने की जो घटना सामने आई है, उससे एक बार फिर यह साफ हो गया है कि वहां आतंकवाद की जड़ें अभी कमजोर नहीं पड़ी हैं। हर कुछ समय के अंतराल पर आतंकी समूहों की ओर से आम लोगों की हत्या से लेकर सुरक्षा बलों पर हमले की घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि अभी वहां चुनौतियां गहरी हैं। गौरतलब है कि सोमवार को पुंछ जिले में आतंकरोधी अभियान के क्रम में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई। आतंकियों ने घात लगा कर जवानों पर हमला किया। नतीजतन एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत सेना के पांच जवान शहीद हो गए। हालांकि इसके बाद अतिरिक्त बलों को भेजा गया, ताकि जंगल में छिपे पांच आतंकवादियों के निकल भागने के सभी रास्ते बंद किए जा सकें। यों हाल के आतंकी हमलों और उसमें आम नागरिकों को भी निशाना बनाने की कई घटनाओं के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है और अलग-अलग इलाकों में घेराबंदी कर उन्हें खोजने की कोशिश की जा रही है। विडंबना यह कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे को लेकर जारी कोशिशें जब भी सार्थक मानी जाने लगती हैं, तब आतंकी गिरोहों की ओर से ऐसे हमलों को अंजाम दिया जाता है। आतंकी संगठन शायद ऐसा इसलिए भी करते हैं, ताकि आम जनता और बाकी दुनिया के बीच यह धारणा बनी रहे कि जम्मू-कश्मीर अभी भी आतंकवाद की गिरफ्त में है। हालांकि अक्सर मुठभेड़ों और हमलों की घटनाएं यह बताती हैं कि इस समूचे इलाके में आतंकी संगठनों की घुसपैठ अभी भी कायम है, लेकिन साथ-साथ यह भी सच है कि लगातार अभियानों के क्रम में अब आतंकियों की राह इतनी आसान नहीं रह गई है। राज्य में सुरक्षा बलों ने वहां की पुलिस और खुफिया एजेंसियों सहित स्थानीय नागरिकों से भी बेहतर तालमेल स्थापित किया है। यही वजह है कि अब आतंकवादी गिरोहों को वहां आम लोगों के बीच आसानी से पनाह नहीं मिल पाती है और उनकी राहें मुश्किल हुई हैं। स्वाभाविक ही आतंकियों के भीतर इसे लेकर हताशा पैदा हुई है और इसीलिए वे सुरक्षा बलों से लेकर आम नागरिकों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। सरकार और सुरक्षा बलों की ओर से अक्सर आतंकरोधी अभियानों की रफ्तार तेज कर दी जाती है, तब कुछ समय तक के लिए आतंकवादी गतिविधियां शांत दिखाई देने लगती हैं। मगर फिर कुछ वक्त के बाद हमला कर आतंकी अपनी मौजूदगी दर्शाने की कोशिश करते हैं। दरअसल, इस जटिल समस्या की जड़ें सीमा पार से संचालित गतिविधियों में छिपी हैं। भारत के अलावा वैश्विक मंचों पर भी ऐसे सवाल लगातार उठाए जाते रहे हैं कि पाकिस्तान स्थित ठिकानों से आतंकवादी समूह अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। इसके लिए आए दिन पाकिस्तान को बेहद असुविधाजनक स्थितियों से भी गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद वह इस मसले पर कोई सख्त और ठोस नतीजा देने वाले कदम उठाने से बचता रहा है। खासतौर पर अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान दोहरा खेल खेलना शुरू कर चुका है। यह बेवजह नहीं है कि संगठित तौर पर शह मिलने की वजह से आतंकवादी समूह सीमा से सटे होने के नाते कश्मीर में हर कुछ रोज में आतंकी हमलों को अंजाम देते रहते हैं। यानी यह एक तरह से साफ है कि जब तक घाटी में सक्रिय आतंकियों के तार उनके मूल स्रोतों से नहीं काटे जाएंगे, तब तक उन पर पूरी तरह काबू पाना या उन्हें खत्म करना संभव नहीं हो पाएगा।

## (गाइड मिसगाइड होते हैं )

# शाहरुख की 20 साल पहले की मुराद (बेटा खूब सेक्स और ड्रग्स ले) पूरी हुई

**लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

वह पिता अपने आप को बहुत गौरवान्वित होता हैं जब बेटा पिता क नाम रोशन करे और वह सभा में पहली पंक्ति में प्रथम बैठे।कभी कभी याद आता हैं जब एक बड़े हाल में पूरा परिवार रहता था और सबकी नज़र सबके ऊपर होती थी ,उसी स्थान में सब अपनी गतिविधियां करते थे और सब एक दूसरे से सीखते थे पर आज -----

आज बहुत बड़े बड़े महल रहते हैं ,सीमित परिवार और एक दूसरे से मिलने का समय नहीं या मिलने के लिए समय निर्धारित करना पड़ता हैं।गरीबी भी एक बहुत बड़ा अभिशाप हैं और अत्यधिक धन में एक प्रकार का अभिशाप होता हैं। गरीबी से भी व्यक्ति असामाजिक होता हैं और अधिक धनवान भी असामाजिक बन जाते हैं।

व्यक्ति धन से ही बड़ा या छोटा होता हैं। जबकि जन्म के समय सब समान होते हैं। जन्म एक प्रकार से शरीर का नया परिवर्तन हैं और हमारी आत्मा अपने पूर्व कर्मों के अनुसार जन्म लेती हैं और जैसे कर्म किये हैं वैसे फल भोगना पड़ते हैं और वर्तमान काल में जो कर्म किये जाते हैं उनका भी फल भोगना पड़ते हैं जो बैंक में पैसा जमा करोगे उसी की निकासी होती हैं। दूसरी बात हर जीव को अपने अपने कर्मों का दंड भोगना पड़ता हैं। यह पुत्र बाह्य दुनिया के लिए शाहरुख़ खान का पुत्र हैं पर वह स्वतंत्र जीव हैं और उसके द्वारा किये गए कर्मों का फल उसी को भोगना पड़ेगा।

ते कर्म पूरब किये खोते सही क्यों नहीं जीयरा

कोई कोई संतान अपने सगे सम्बन्धियों को दुःख देने आते हैं ऐसा हम ऐसा कहते हैं पर वास्तव में आर्यन खान हो या कोई सबको अपने अपने कर्मों का फल भोगना पड़ता हैं। कर्मों का फल सबको भोगना पड़ता ,इससे कोई नहीं बच सकता हैं। हां इसमें खान का निमित्त मिला जिसको अपने यश ,धन ,गौरव के पीछे इतने व्यस्त रहते हैं की उन्हें अपनी औलाद के लिए समय नहीं हैं। जब तुम औलादों को समय नहीं दोगे वे तुम्हे क्यों समय देंगे ?

धन कमाना बहुत पुण्य का फल हैं आप कुछ नहीं करते आपका पुण्य कर्म का फल से धन आता हैं और समय जब पाप कर्म का आता हैं तब स्वयं का धन साथ भी नहीं देता। सब पुण्य और पाप का ठाठ हैं। और कोई ऐसा जीव पैदा होता हैं जो तबाह भी कर देता हैं।

एक सेठ एक संत के पास गया और अपने पुत्र का भविष्य जानना चाहा। संत के पूछा पुत्र का क्या करता हैं ?सेठ बोलै चोरी, डकैती। तब संत के जबाव दिया बच्चे का भविष्य जेल में हैं। खान का पुत्र जब नशा करता। सेक्स करता और जितने भी अनैतिक कार्य कर सकता हैं वह करता हैं तो उसके फल उसके द्वारा किये कार्यों का फल मिलता हैं। जेल भी गया और हो सकता हैं ता जिंदगी असाध्य रोगों से ग्रसित हो जाए

जैसा धन कमाया जाता हैं उसका प्रभाव मन और अन्न पर पड़ता ही हैं। वैसे शाहरुख़ का लड़का कितना धन खर्च करेगा कमी नहीं होगी और एक ही उल्लू काफी हैं अंजामे गुलस्ता करने को

अभी कुछ नहीं हुआ ,यह तो शुरुआत हैं हो सकता हैं वह सुधर जाए या सुधार जाए। अभी कुछ नहीं बिगड़ा ,और उस औलाद का जन्म पूर्व जन्म का बदला लेने हुआ होगा तो उसे आप लोहे के पिंजड़े में रखो तब भी वह नुक्सान पुह्चायेगा।

जिस परिवार में मांस मछली अंडा शराब और अनैतिकता का बोलबाला होता हैं उसे कोई नहीं विनाश होने से रोक सकता हैं। पुण्यवान ही सुधरता हैं अन्यथा वह यदि विनाश के लिए आया हैं तो कोई नहीं रोक सकता और यह धन मकान यश तो ये सब अस्थिर और क्षणिक होते हैं ,मरने के बाद कौन क्या ले जाता हैं और कौन ले गया। हर वस्तु सीमा में रहे तो अच्छा अन्यथा असीमितता नुक्सानदेह हैं। अपने अपने कर्मों का लेखा जोखा जाता हैं।

आज जरुरत हैं माँ बाप को कुछ सीख लेना चाहिए बच्चों से और बच्चे अपना आचरण सीखते हैं अपने माँ बाप से। सीखे

पूत सपूत तो क्यों धन संचय ,पूत कपूत तो क्यों धन संचय ?

खाना पीना ,रहना सीमित होता हैं सेक्स और ड्रग्स भी क्षमता के अनुसार ले सकोगे उसके बाद कोई साथ नहीं देता हैं

सबको ज्ञान देने वाले अज्ञानी होते ही हैं। गाइड मिसगाइड होते हैं।

# प्लास्टिकः बिहार से सीखे पूरा भारत

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कमार ने कुछ ऐसे साहसिक कदम उठाए हैं, जिनका अनुकरण देश के सभी मुख्यमंत्रियों को करना चाहिए। उन कदमों को दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के पड़ौसी देश भी उठा लें तो हमारे इन सभी देशों की अर्थ-व्यवस्था और स्वास्थ्य व्यवस्था में अपूर्व सुधार हो सकता है। लगभग पांच साल पहले नीतीश ने बिहार में शराबबंदी लागू की थी। उन दिनों मैं चंपारण में गांधी सत्याग्रह के शताब्दि समारोह से लौटते हुए उनसे पटना में मिला था। मैंने उनसे कहा कि आपने बिहार के गांवों और कस्बों में तो शराबबंदी कर दी लेकिन पटना की बड़ी होटलों को छूट क्यों दे रखी है? अब गांवों के लोग शराब के लिए पटना आएंगे और उनकी जेबें ज्यादा कटेंगी। नीतीशजी ने तुरंत अफसरों को बुलाकर मेरे सामने ही पूर्ण शराबबंदी के आदेश जारी करवा दिए। अब नीतीश कुमार ने एक और कमाल का फैसला किया है। उन्होंने बिहार में 14 दिसंबर 2021 से प्लास्टिक-थर्मोकाल के उत्पादन, भंडारण, खरीद, बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जो इस प्रतिबंध का उल्लंघन करेगा, उस पर पांच लाख रु. जुर्माना होगा या एक साल की सजा या दोनों एक साथ होंगे। यह घोषणा जून में हुई थी। देखिए, इसका कैसा जबर्दस्त असर हुआ है। अभी पांच महिने भी नहीं गुजरे हैं कि प्लास्टिक की चीजों का उत्पादन 70 प्रतिशत घट गया है। बिहार के जो 70 हजार उत्पादक प्लास्टिक की थैलियाँ, कटोरियाँ, प्लेटें, झंडे, पर्दे, पुड़िया वगैरह बनाते थे, उनकी संख्या घटकर अब सिर्फ 20 हजार रह गई है। लगभग 15 हजार व्यापारियों ने अब कागज, गत्ते और पत्तों के दोने, प्लेट, कटोरियाँ वगैरह बेचना शुरु कर दिया है। अगले दो महिनों में हो सकता है कि बिहार प्लास्टिक मुक्त ही हो जाए। लोग प्लास्टिक की थैलियों की जगह कागज और कपड़ों की थैलियां और पूड़े इस्तेमाल करना शुरु कर दें जैसे कि अब से 40-50 साल पहले करते थे। प्लास्टिक की बोतलों, किताबों और कप-प्लेटों की जगह अब मिट्टी और कागज से बने बर्तनों का इस्तेमाल होने लगेगा। इस नए अभियान के कारण हमारे लाखों कुम्हारों, बढ़इयों और दर्जियों के लघु-उद्योग फिर से पनप उठेंगे। लोगों का रोजगार बढ़ेगा। फेक्टरियां जरुर बंद होंगी लेकिन वे अपने लिए नयी चीजें बनाने की तकनीक खोज लेंगी। सबसे बड़ा फायदा भारत की जनता को यह होगा कि वह केंसर, लीवर, किडनी और हृदय रोग जैसी घातक बिमारियों के शिकार होने से बचेगी। प्लास्टिक की करोड़ों थैलियां समुद्र में इकट्ठी होकर जीव-जंतुओं को तो मारती ही हैं, उनके जलने से हमारा वायुमंडल जहरीला हो जाता है। सरकारें बिहार के रास्ते को अपना रास्ता जरुर बनाएं लेकिन उससे भी ज्यादा जरुरी यह है कि भारत के जन-साधारण प्लास्टिक की चीजों का इस्तेमाल खुद ही बंद कर दें तो उनके विरुद्ध कानून बने या न बने, भारत प्लास्टिमुक्त हो ही सकता है।

# बे-मौसम दो दिन से हो रही झमाझम बारिश, किसानों की चिंता बढ़ी

## शहर की गलियां हुई जलमग्न, नाले-नालियां मार रहे उफान, निकासी के प्रबंध नहीं

**भिण्ड।** बे-मौसिम दो दिन से हो रही झमाझम बारिश ने किसानों को परेशान कर रख दिया है, जिले में अब तक किसान खाद की कमी से जूझते आ रहे थे। अब बारिश ने अन्नदाता को रूला दिया है। रबी की फसल के लिए लाखों रुपए की खाद और बीज की बुवाई करने के बाद अब किसानों की मेहनत मिट्टी में मिल गई। रविवार की दोपहर से जिले में होने वाली बारिश से खेतों में पानी भर गया। खेतों में बोया गया बीज बारिश के कारण खेतों में सड जाएगा। यह बीज अंकुरित होने से पहले नष्ट हो गया। वहीं खरीफ की फसल जो पककर तैयार थी वो भी खराब हो चुकी है। सोमवार को भी सुबह से देर शाम तब तेज बारिश के साथ बरसते रहे जिससें किसानों चिंता और बढ़ गई है वहीं शहर में अधिकांश गालियों में पानी से जल मग्न हो गई है और जल निकासी के लिए परेशान हो रहे हैं।





पोस्ट मानसून के बादलए किसानों पर आफत बनकर बरस रहे है। भिंड जिले में बारिश की सावनए भादौ महीने में अच्छी बारिश हुई थी। बारिश की वजह से किसान खरीफ के मौसम में बोई गई फसलों का रकबा नहीं बडा सका था। जिन किसानों ने खरीफ की फसल जैसे तिलए धानए उ?दए मूंगए ज्वार और बाजारा की फसलों की बुवाई की थी। यह फसल भी अक्टूबर महीने के मध्य में होने वाली बारिश से भारी नुकसान पहुंचा है। कारण यह है कि इन दिनों यह फसल पकी हुई खडी है। बारिश की वजह से इन फसलों को सीधे तौर पर नुकसान हुआ है।

### अंकुरित होने से पहले ही सरसों नष्ट

जिले में सरसों का उत्पादन अच्छा होता है। सितंबर के दूसरे पखवाडे से भिंड में डीएपी, यूरिया, एनपीके समेत अन्य खाद की किल्लत बनी रही। इस वजह से किसान सितंबर महीने में सरसों की बुवाई नहीं कर सका। पुलिस के डंडे खाने के बाद किसानों ने खाद ली। अब प्रकृत्ति की मार झेल रहा है। एग्रीकल्चर विभाग के मुताबिक जिले में सरसों की बुवाई का रकबा दो लाख हेक्टेयर के आसपास है। जिले के छोटे किसानों ने अक्टूबर के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में जोर-शोर से सरसों की बुवाई की। वर्तमान में डेढ़ लाख हेक्टेयर तक बुवाई हो चुकी थी। बोई गई सरसों का अंकुरण के साथ ही बारिश होने से फसल अंकुरण के साथ ही नष्ट हो चुकी है। अब किसानों को फिर से खेतों की बुवाई करनी होगी।

## अघोषित बिजली कटौती एवं खाद किल्लत को लेकर शहर कांग्रेस ने ली बैठक




**उमाकान्त शर्मा, भिण्ड, पुष्पांजली टुडे, 982624963**

**अघोषित बिजली कटौती, काले कृषि कानून,बाढ़ ग्रस्त किसानों को मदद में धांधली और डीएपी खाद की कमी पर की चर्चा**

भिण्ड।जिले में व्याप्त किसानों की समस्याओं को लेकर लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह जी भिंड विधानसभा के अकोडा,लहरौली, नयागांव खैरा श्यामपुरा आदि ग्रामों में विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे इसी को लेकर शहर कांग्रेस की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है उक्त बैठक में कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां बांटी गई।और कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किस तरह से होगा यह भी सुनिश्चित किया गया।बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने कहा कि इस समय किसान बहुत परेशान है उसे ना तो खाद मिला है और ऊपर से अघोषित बिजली कटौती भी हो रही है बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में मुआवजा वितरण में भी धांधली चल रही है ऊपर से मोदी सरकार काले कृषि कानून को भी लागू करना चाहती है केंद्र और प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए दीवार लेखन भी कराया गया है और विधानसभा के ग्रामों में पर्चो का वितरण भी चल रहा है बैठक को सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया उर्फ पिंकी ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल रही है बिजली की आपूर्ति 2 से 4 घंटे तक सीमित है और डीपी फुक जाने पर 1 महीने तक इंतजार करना पड़ता है तब डीपी बदली जाती है किसानों को अपने परिवार के साथ खाद के लिए लाइनों में लगना पड़ रहा है और पुलिस की लाठियां खानी पड़ रही हैं फिर भी पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रहा है सरकार का ऐसा व्यवहार किसानों के साथ उचित नहीं है कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है इन्हीं सब जन समस्याओं को लेकर लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंहजी भिंड विधानसभा के ग्रामो में आम सभा को संबोधित करेंगे।

## मेहगांव एसडीएम विवेक केवी ने बस चेकिंग की, जिसमें बस चालक और कनेक्टर को समझाइश दी कोविड-19 की तीसरी लहर को देखते कार्य करें

**बृजपाल सिंह गुर्जर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**




मेहगांव। कोविड 19 की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुऐ सुरक्षा के इंतजाम को लेकर ड्राइवर कंडेक्टर को समझाइस देते हुऐ , गाडी के कागजात चेकिंग किये गये जिसमे, ड्राइवर लाइसेंस, बीमा, फिटनेस, पोल्यूशन संबधी दस्तावेज न होने पर चालान कार्यवाही, एसडीएम विवेक के.वी. तहसीलदार आर एन खरे, पटवारी उत्तम नारायण शर्मा सहित तहसील के स्टाप व्दारा आज भिडं रोड डीजल पंप के पास चेकिंग पांइट लगाकर बस चेकिंग अभियान शुरु किया गया , जिससे नो वाहनो पर चालानी कार्यवाही की गई जिसमे 8 हजार रुपये की चालान रशीद काटी गई, बारिश शुरू होने की दशा मे चेकिंग अभियान को बीच मे रोकना पड़ा।

## मिट्टी खोदने गई दादी पोती की मिट्टी का टीला धसकने से मौत

**भिण्ड।** असबार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने बाले ग्राम गिरबासा में घर बनाने के लिए मिट्टी खोदने के लिए गई दादी-पोती की मिट्टी की करार धसकने से मौत हो गई है। घटना की सूचना के बाद असबार थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गये हैं। और मिट्टी के नीचे दबी दादी पोती के शव को निकलबाने की कार्यवाही की। इधर घटना के बाद गाँव में मातम पसरा हुआ है। बताया जाता है। कि बारिश समाप्त होते ही और दीपावली के त्यौहार के देखते हुए ग्रामीण जन अपने अपने कच्चे घरों की मरम्मत कार्य में जुट जाते हैं। इसी उम्मीद के तहत असवार थाना क्षेत्र के गिरवासा गांव की कामख्या देवी पत्नी कमलेश उम्र 57 वर्ष अपनी पोती संध्या पुत्री अमृत उम्र 7 वर्ष को लेकर घर की मरम्मत हेतु मिट्टी खोदने गई थी। दादी पोती जब गहरे गढ़डे से मिट्टी खोद रही थी। इसी दौरान मिट्टी का टीला भरभरा कर गिर गया। जिससे दादी और पोती दोनों मिट्टी से दब गई और दोनों की मौत हो गई।



## ट्रक एवं मोटरसाइकिल में भिडंत मौके पर दो की मौत

**दबोह।** नगर दबोह के थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवरी ग्राम पंचायत के पास कांक्सी सरकार मोड़ पर लहार की ओर से आ रहा तेज रफ्तार में खाली ट्रक क्रमांक यूपी 75 एटी 4209 ने मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया। मौके पर मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला विनीता पत्नी भगवान सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी विचपुर एवं एक छोटी बच्ची मुसकान पुत्री बलराम उम्र 14 वर्ष की मौत एवं मोटरसाइकिल चालक मुकेश पुत्र मोहर सिंह बघेल उम्र 30 वर्ष निवासी अरूसी घायल बताया जा रहा है। घटना की जानकारी दबोह पुलिस को लगी जैसे ही थाना प्रभारी प्रमोद साहू दलबल के साथ मौके पर पहुँचे घायल हुए व्यक्तियों को सिविल हॉस्पिटल लहार भेजा यहां बता दे काँक्षी मोड़ पर आये दिन घटना एवं एक्सीडेंट होते है कई व्यक्तियो ने जान गवाई है मगर आज तक प्रशासन ने कोई पुख्ता इंतजाम नही किया जिससे घटना घटने पर रोक लग सके।



### 307 का फरार ईनामी शातिर बदमाश मय कटटे के पकड़ा गया



**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक आनंद राय के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना देहात निरीक्षक रामबाबू सिंह यादव द्वारा लगातार थाना क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसा जाकर करीब 25 अवैध हथियार लेकर घूमने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया हैं। इसी तारतम्य में बीते 17 अक्टूबर की रात को थाना सिटी कोतवाली भिण्ड के अप.क. 311 / 21 धारा 307.34 भादवि एवं एससीएसी एक्ट में फरार 5000 रूपये का ईनामी सलीम पुत्र बसीर खान नि0 विद्यावती कालेज के पास बीटीआई रोड भिण्ड को गौरी के किनारे से अपराध करने की नियत से खड़े होने की सूचना पर से 315 बोर एक कटटा व एक जिन्दा राउण्ड सहित पकडा गया।

### घर के बाहर खड़ा डंपर चोरी

**भिण्ड।** गोहद थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ेर में घर के बाहर खड़े डंपर को अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार-सोमवार रात 12.30 बजे से लेकर 3 बजे के बीच डंपर क्रमांक नं.आरजे जीबी 4955 के चालक लालू प्रसाद पुत्र भगवानसिंह राठौर निवासी खड़ेर थाना गोहद ने बताया खाना खाकर डंपर को घर के बाहर खड़ा कर दिया, इसी दौरान अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला फांसी पर झूली, मायके पक्ष ने लगाया दहेज का आरोप

**भिण्ड।** रौन थाना क्षेत्र के ग्राम रेमजा में एक विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना के चलते फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली। यह आरोप मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर लगाया है। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार शाम 5.50 बजे मोनिका पत्नी विष्णु तोमर उम्र 22 वर्ष निवासी रेमजा ने फांसी लगकार आत्महत्या कर ली, जिसको परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए ग्वालियर अस्पताल लेकर दौड़े जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करायी।

### 20 क्वार्टर देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**भिण्ड।** अटेर थाना क्षेत्र के ग्राम नरीपुरा नहर की पुलिया के पास एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की जब्ती की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार शाम 6.40 बजे दिनेश पुत्र भारतसिंह यादव निवासी कठेलन पुरा अटेर जो क्षेत्र के नरीपुरा नहर पुलिया के पास से अवैध शराब की बिक्री करते हुए दबोच लिया और उसके पास से 20 क्वार्टर देशी शराब, कीमत 1400 रुपये की जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### 315 बोर कट्टा जब्त आरोपी गिरफ्तार

**भण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के बीटीआई रोड गौरी के किनारे एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा था, सूचना मिलते ही पुलिस ने दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से कट्टा व जिंदा राउण्ड जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सलीम पुत्र बसीर खान निवासी विद्यावती कॉलेज के पास बीटीआई रोड जो गौरी के किनारे किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से अवैध हथियार के साथ घूम रहा था, पुलिस को सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और आरोपी की जब तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर कट्टा व एक जिंदा राउण्ड जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक चोरी

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के कलेक्ट्रेट परिसर के एक बाइक खड़ी हुई थी जिसे अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रभारी कलेक्टर के नेतृत्व में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे।**

**(सीएम हैल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण में प्रगति नहीं लाने वाले अधिकारियों का कटेगा एक माह का वेतन-प्रभारी कलेक्टर फुलपगारे)**

**भिण्ड (ब्यूरो)।** प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने टीएल बैठक में लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन अधिकारियों ने सीएम हैल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण में प्रगति नहीं लाई गई है, उनको पूर्व में एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए थे यदि उनके द्वारा शिकायतों के निराकरण में प्रगति नहीं लाई गई तो उनका एक माह का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला शिक्षा केन्द्र श्री वरुण अवस्थी के अलावा अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने बैठक में कहा कि जिन अधिकारियों के द्वारा सीएम हैल्पलाईन की लंबित शिकायतों में प्रगति नहीं लाई गई थी, उनका एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए थे। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के द्वारा सीएम हैल्पलाईन में प्रगति नहीं लाई गई तो उनका रोका हुआ वेतन परिवर्तित कर वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारिणी गठित

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे।**

मेहगांव। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मेहगांव की नवीन कार्यकरणी घोषणा जिला संयोजक देवेश पचौरी द्वारा की गई ।

बैठक में मुख्य रूप से मुरैना विभाग संगठन मंत्री धर्मेंद्र दांगी जी और प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य सचिन भदौरिया जी उपस्थित रहे

बैठक में संगठनात्मक, आगमी योजना पर चर्चा हुई नगर अध्यक्ष आनंद मोहन जैन सर,नगर उपाध्यक्ष मनोज कुशवाह सर,उपाध्यक्ष सियाराम गुर्जर सर, उपाध्यक्ष सोनू भदौरिया सर को बनाया गया।नगर मंत्री प्रशांत शर्मा,नगर सहमंत्री मोनिका शर्मा, सहमंत्री आकाश बाथम,सहमंत्री नित्यम तिवारी,सहमंत्री,ऋषभ भदौरिया,राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख प्रीति राठौर,नगर ऱ स्न. ष्ठ प्रमुख विपिन बघेल,ऱ स्न. ष्ठ सहप्रमुख सूरज दुबे,नगर ऱ स्न. ऱ प्रमुख संतोष गुर्जर,ऱ स्न. ऱ सहप्रमुख?श्यामू गुर्जर,नगर क्रीडा प्रमुख आकाश गुर्जर,क्रीडा सहप्रमुख आकाश शर्मा,नगर सोशल मीडिया प्रमुख सचिन दीक्षित,सोशल मीडिया सहप्रमुख उदय भदौरिया,नगर महाविद्यालय प्रमुख पुष्पेंद्र गुर्जर,महाविद्यालय सहप्रमुख अजय राठौर,नगर विद्यालय प्रमुख प्रभात राजपूत,विद्यालय सहप्रमुख आकाश बाथम(गब्बू), नगर कार्यकारिणी सदस्य वरुण भदौरिया,अंकुश शर्मा,गोलू गुर्जर,शैलेंद्र राजपूत को बनाया गया।




## संयुक्त किसान मोर्चा ने रेलवे स्टेशन पर किया रेल रोको आंदोलन

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**



गोहद। पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहोर से प्राप्त जानकारी अनुसार संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आवाहन पर आज 18 अक्टूबर सोमवार को सैकड़ों वामपंथी जन संगठनों के कार्यकर्ता गोहद रेलवे स्टेशन पर पहुंचे उन्होंने सभा की रैली निकाली और रेल की पटरी पर पहुंचकर रेल रोको आंदोलन किया इस अवसर पर वामपंथी जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ रेल रोको आंदोलन दिल्ली में 10 माह से चल रहे 3 किसान विरोधी आंदोलन के समर्थन में किया गया तथा उपस्थित आंदोलनकारियों ने विद्युत अधिनियम 2020 वापस लेने लखीमपुर खीरी हत्याकांड के दोषियों को सजा देने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करने मृतकों के आश्रितों को नौकरी देने एवं मृतक के परिवार कोशासकीय सेवा में नौकरी लखीमपुर क्या कांड की निष्पक्ष जांच करने दिल्ली न्यायालय में केस चलाने इत्यादि की मांग संयुक्त किसान मोर्चा ने की इस मौके पर हुई सभा को पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक् प्रेम नारायण माहौर माकपा जिला सचिव ओपी बाथम किसान सभा जिला सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाहा किसान नेता राजेंद्र सिंह कुशवाहा किसान सभा उपाध्यक्ष नारायण शर्मा नौजवान सभा महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर रिक्शा यूनियन नेता सुनील माहौर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति सचिव शोभा माहौर मालनपुर महिला समिति नेत्री अनीता गोस्वामी सीटू के रशीद खान समाजवादी पार्टी देवेंद्र कुमार शुक्ला आदि ने अपने विचार रखें सभी ने एक स्वर से किसान आंदोलन के समर्थन में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया वक्ताओं ने का संयुक्त किसान मोर्चा जो आव्हान करेगा उस पर हम भरपूर अमल करेंगे इस अवसर पर मेहताब खान लल्ला खान मुन्ना लाल कुशवाहा श्रीलाल माहोर गंगा प्रसाद माहोर चोब सिंह कुशवाहा लच्छीराम कुशवाहा पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहोर त्रिवेणी प्रजापति रामसखी प्रजापति चमेली बाई प्रजापति राम का बाई रेणुका बाई राजेन्द्रसिंह कुशवाह बल्ली बाथम सरोज श्रीवास कैलाली बाई श्रीवास आदि सहित सैकडो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे!

## आदर्श ग्राम योजना के तहत गौ उत्पाद प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**भिण्ड।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के तहत गौ उत्पाद प्रशिक्षण शिविर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सिंघवारी व तिलोरी में मालनपुर मध्यप्रदेश किया गया। जिसमें 60 महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम का उद्घाटन 13 अक्टूबर को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख शिवराज राजवाड़े ने कहा कि हमारे देश की महिलाएं कौशल में निपुण थी आज हमारे देश मेंअनेक प्रकार के सामाजिक क्षेत्र व प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की प्रमुख भूमिका है गांव की महिलाओं को घर में रह करके रोजगार उपलब्ध हो इस कारण सूर्या फाउंडेशन ने गांव-गांव महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एवं भारतीय संस्कृति का संरक्षण करने के लिए गौ माता को अर्थ से जोड़ने की बात कही। प्रशिक्षण में गोनायल, धूपबत्ती, पंचगव्य साबुन, मज्जन गौधन के दीपक आदि बनाना सिखया गया। प्रशिक्षक सजंय तिवारी ने महिलाओं को स्वालंबन के साथ एक अच्छा रोजगार घर पर रहकर करने के लिए प्रेरित किया एवं पर्यावरण का प्रदूषण होने से बचाने एवं छोटे बच्चों को होने वाले बैक्टीरिया संबंधित रोगों के लड़ने के लिए गो उत्पाद का प्रयोग महत्वपूर्ण बताया कार्यक्रम में सूर्या फाउंडेशन से अशोक कुमार, अनिल सिंह कुशवाहा, कविता रजक कुशमा छाया कुशवाहा उपस्थित रहे।



# शरद पूर्णिमा का ब्लू मून, जानिए क्या है इस चंद्रमा का विज्ञान



वर्ष में 24 पूर्णिमाएं होती हैं जिनमें से कार्तिक पूर्णिमा, माघ पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा का महत्व ज्यादा है। इसमें भी शरद पूर्णिमा का चंद्रमा कुछ अलग ही तरह का दिखाई देता है। यह पूर्णिमा अश्विन मास में आती है। आओ जानते हैं कि क्या है शरद पूर्णिमा का विज्ञान।

1. शरद पूर्णिमा का नीला चांद : शरद पूर्णिमा का चांद नीला दिखाई देता है। पश?चिम जगत में इसे ब्लू मून कहा जाता है। हालांकि हर शरद पूर्णिमा पर वैसा ब्लू मून नहीं दिखाई देता है जैसा कि 2018 में दिखाई दिया था।

2. वर्ष में एक बार ही दिखता है चांद नीला : कहते हैं कि नीला चांद वर्ष में एक बार ही दिखाई देता है। परंतु विज्ञान की सृष?टि में नीले चांद के अलग मायने हैं। हालांकि शरद पूर्णिमा पर भी चांद नीला ही दिखाई देता है। एक शताब्दी में लगभग 41 बार ब्लू मून दिखता है जबकि हर तीन साल में 13 बार फूल मून होता है।

3. ब्लू मून की घटना : वर्ष 2018 में दो बार ऐसा अवसर आया जब ब्लू मून की घटना हुई। उस दौरान पहला ब्लू मून 31 जनवरी जबकि दूसरा 31 मार्च को हुआ। इसी साल शनिवार शरद पूर्णिमा की रात को आसमान में ब्लू मून अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप समेत एशिया के कई देशों में दिखाई देगा। इस रात को चांद आम दिनों की अपेक्षा आकार में 14 फीसद बड़ा और चमकदार दिखाई देगा। इसके बाद अगला ब्लू मून 31 अगस्त 2023 को दिखाई देगा। इसके बाद अगला %ब्लू मून% साल 2028 और 2037 में देखने को मिलेगा।

4. चंद्र मास : उल्लेखनीय है चंद्र मास की अवधि 29 दिन, 12 घंटे, 44 मिनट और 38 सेकेंड की होती है, इसलिए एक ही महीने में दो बार पूर्णिमा होने के लिए पहली पूर्णिमा उस महीने की पहली या दूसरी तारीख को होनी चाहिए।

5. सोलह कलाओं से पूर्ण चांद : पौराणिक मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात को चांद पूरी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। इस दिन चांदनी सबसे तेज प्रकाश वाली होती है। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत गिरता है। ये किरणें सेहत के लिए काफी लाभदायक मानी जाती है।

6. चन्द्रमा का प्रभाव : वैज्ञानिकों के अनुसार इस दिन चन्द्रमा का प्रभाव काफी तेज होता है इन कारणों से शरीर के अंदर रक?त में न्यूरॉन सेल्स क्रियाशील हो जाते हैं और ऐसी स्थिति में इंसान ज्यादा उत्तेजित या भावुक रहता है। एक बार नहीं, प्रत्येक पूर्णिमा को ऐसा होता रहता है।

7. ज्वार-भाटा : पूर्णिमा के दिन चांद का धरती के जल से संबंध बनती है। जब पूर्णिमा आती है तो समुद्र में ज्वार-भाटा उत्पन्न होता है, क्योंकि चंद्रमा समुद्र के जल को ऊपर की ओर खींचता है। मानव के शरीर में भी लगभग 85 प्रतिशत जल रहता है। पूर्णिमा के दिन इस जल की गति और गुण बदल जाते हैं।

8. दिमाग पर असर : पूर्णिमा की रात मन ज्यादा बेचैन रहता है और नींद कम ही आती है। कमजोर दिमाग वाले लोगों के मन में आत्महत्या या हत्या करने के विचार बढ़ जाते हैं।

9. चय-उपचय की क्रिया : जिन्हें मंदाग्नि रोग होता है या जिनके पेट में चय-उपचय की क्रिया शिथिल होती है, तब अक्सर सुनने में आता है कि ऐसे व्यक?ति भोजन करने के बाद नशा जैसा महसूस करते हैं और नशे में न्यूरॉन सेल्स शिथिल हो जाते हैं जिससे दिमाग का नियंत्रण शरीर पर कम, भावनाओं पर ज्यादा केंद्रित हो जाता है। ऐसे व्यक?तियों पर चन्द्रमा का प्रभाव गलत दिशा लेने लगता है। इस कारण पूर्णिमा व्रत का पालन रखने की सलाह दी जाती है।

# शरद पूर्णिमा की रात में न करें ये 10 अशुभ काम, वरना होगा भारी नुकसान

आज शरद पूर्णिमा का व्रत रखा जाएगा। शरद पूर्णिमा पर दूध या दूध से बनी खीर को बनाकर छत पर चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है और फिर उसका सेवन किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन आसमान से अमृतमयी किरणों का आगमन होता है जिसके कारण यह दूध या खीर अमृत समान बन जाता है। यह बहुत ही पवित्र पूर्णिमा होती है और इस दिन ये 10 अशुभ काम नहीं करना चाहिए वर्ना बहुत भारी नुकसान हो सकता है।



### ये 10 कार्य कतई न करें :

**1. मांस-मछली :** इस दिन किसी भी प्रकार के मांस, मटन, चिकन, मछली या मसालेदार भोजन, लहसुन, प्याज आदि का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि यह आपकी सेहत के लिए भारी नुकसान दायक हो साबित हो सकता है।

**2. शराब:** इस दिन किसी भी हालत में आप शराब ना पिएं क्योंकि इस दिन शराब का दिमाग पर बहुत गहरा असर होता है। इससे शरीर पर ही नहीं, आपके भविष्य पर भी दुष्परिणाम हो सकते हैं।

**3. क्रोध :** इस दिन क्रोध नहीं करना चाहिए। वैज्ञानिकों के अनुसार इस दिन चन्द्रमा का प्रभाव काफी तेज होता है इन कारणों से शरीर के अंदर रक?त में न्यूरॉन सेल्स क्रियाशील हो जाते हैं और ऐसी स्थिति में इंसान ज्यादा उत्तेजित या भावुक रहता है। ऐसे में क्रोध आपकी सेहत को भारी नुकसान तो पहुंचा ही देगा साथ ही आप क्रोध में कोई गलत कार्य को भी अंजाम दे सकते हो।

**4. महिला संग शयन न करें :** इस दिन ब्रह्मचर्य का पालन करें अर्थात महिला संग शयन न करें क्योंकि यह बहुत ही पवित्र दिन होता है। यह शक्ति संचल करने का दिन माना गया है।

**5. स्वच्छ जल :** चांद का धरती के जल से गहरा संबंध है। जब पूर्णिमा आती है तो समुद्र में ज्वार-भाटा उत्पन्न होता है, क्योंकि चंद्रमा समुद्र के जल को ऊपर की ओर खींचता है। मानव के शरीर में भी लगभग 85 प्रतिशत जल रहता है। पूर्णिमा के दिन इस जल की गति और गुण बदल जाते हैं। अत: इस दिन जल की मात्रा और उसकी स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इस दिन अशुद्ध जल न पिएं।

**6. लेन-देन:** दिन धन का लेन-देन आपको आर्थिक संकट में डाल सकता है। अत: आप किसी भी प्रकार स

दन का लेन देन न

करें। 7. **काले रंग से बचें :** इस

## चन्द्रमा की रोशनी में दूध रखने के 10 कारण



मंगलवार को शरद पूर्णिमा का व्रत रखा जाएगा। शरद पूर्णिमा के दिन छत या गैलरी पर चंद्रमा के प्रकाश में चांदी के बर्तन में दूध को रखा जाता है। फिर उस दूध को भगवान को अर्पित करने के बाद पिया जाता है। आओ जानते हैं कि इसके 10 कारण। 1. ज्योतिष विद्वानों के अनुसार पूरे वर्ष में सिर्फ इसी दिन चंद्रमा सोलह कलाओं का होता है और इससे निकलने वाली किरणें अमृत समान मानी जाती है। मान्यता है कि चंद्रमा की किरणें खीर में पड़ने से यह कई गुना गुणकारी और लाभकारी हो जाती है। इसलिए इस दिन लोग दूध या खीर को चंद्रमा के प्रकाश में रखते हैं। 2. मान्यता है कि इस दूध या खीर का सेवन करने के चंद्रदोष दूर हो जाता है, इसीलिए आसमान के नीचे खीर रखी जाती है। 3. यह भी माना जाता है कि इस खीर का सेवन करने से रोगप्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। इस खीर को खाने से सेहत अच्छी रहती है। 4. शास्त्रों के अनुसार शरद पूर्णिमा की तिथि पर चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता। इस रात को चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण की मात्रा सबसे ज्यादा होती है। धार्मिक मान्यता है कि औषधीय गुणों से भरपूर चंद्रमा की ये किरणें मनुष्य को कई बीमारियों से छुटकारा दिला सकती है। अत: इन गुणों को खीर में ग्रहण करके उसका सेवन किया जाता है। 5. यह भी माना जाता है कि इस आसमान के नीचे इस चंद्र प्रकाश में कुछ देर रहने और इसी चंद्र प्रकाश से युक्त दूध या खीर का सेवन करने से यदि कुंडल में कोई चंद्र गहण है तो वह दूर हो जाता है। 6. यह भी कहते हैं कि दूध में भरपूर मात्रा में लैक्टिक एसिड और अमृत तत्व होता है चांद की किरणों से ये तत्व अधिक मात्रा में शक्ति का शोषण करते हैं। वहीं, खीर में पड़े चावल इस काम को और आसान बना देते हैं। चावलों में पाए जाने वाला स्टार्च इसमें मदद करता है। 7. कहते हैं कि चांदी के बर्तन में रोग-प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चांद की रोशनी सबसे अधिक होती है। इस काण से शरद पूर्णिमा की रात बाहर खुले आसमान में चांदी के बर्तन में रखी खीर शरीर के लिए काफी फायदेमंद होती है।

8. यह भी माना जाता है कि किसी दिव्य औषधि को खीर में मिलाकर उसे शरद पूर्णिमा की किरणों में रखने से उसके औषधिय गुण कई गुना बढ़ जाते हैं।

9. मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात आसमान से अमृत की वर्षा होती है। चंद्रदेव अपनी अमृत किरणों से पृथ्वी पर अपनी शीतलता और पोशक शक्ति की अमृत वर्षा करते हैं। ऐसे में लोग चांदनी रात में विशेष रूप से खीर का प्रसाद बनाते हैं और उसे चंद्रमा की रोशनी में रखते हैं ताकि

# शरद पूर्णिमा के दिन खाएंगे इस तरह बनाई गई खीर तो होंगे 5 फायदे

शरद पूर्णिमा पर दूध या दूध से बनी खीर को बनाकर छत पर चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन आसमान से अमृतमयी किरणों का आगमन होता है जिसके कारण यह दूध या खीर अमृत समान बन जाता है। यह भी कहा जाता है कि इस दौरान चंद्र से जुड़ी हर वस्तु जागृत हो जाती है। दूध भी चंद्र से जुड़ा होने ने कारण अमृत समान बन जाता है जिसकी खीर बनाकर उसे चंद्रप्रकाश में रखा जाता है। बाद में दूध को पीने या खीर को खाने से कई तरह के लाभ मिलते हैं। आओ जानते हैं कि कौनसे 5 लाभ मिलते हैं।



**कैसे बनाते हैं खीर:** शाम को दूध में चावल मिलाकर उसमें सूखे मेवे आदि पौष्टिक चीजें डालकर उसे उबाला जाता है और फिर उसे ठंडा करके रात में चंद्रमा के प्रकाश में 1-2 घंटे रखने के बाद उसका सेवन किया जाता है।

**1. चंद्रदोष होता है दूर :** यह भी मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन दूध या खीर का प्रसाद वितरण करने से जहां चंद्रदोष दूर हो जाता है।

**2. लक्ष्मी की होती है प्राप्ति :** माता लक्ष्मी को खीर का भोग लगाकर सार्वजनिक रूप से खीर प्रसादी का वितरण करने से माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

**3. रोग नष्ट करने की क्षमता:** अमृत किरणों में कई तरह के रोग नष्ट करने की क्षमता होती है। ऐसे में जहां इन किरणों से बाहरी शरीर को लाभ मिलता है वहीं शरीर के भीतर के अंगों को भी लाभ मिलता है।

4. बढ़ती है शारीरिक शक्ति : शरद पूर्णिमा से मौसम में परिवर्तन की शुरूआत होती है। इस तिथि के बाद से वातावरण में ठंडक बढ़ने लगती है। शीत ऋतु का आगमन होता है। शरद पूर्णिमा की रात में खीर का सेवन करना इस बात का प्रतीक है कि शीत ऋतु में हमें गर्म पदार्थों का सेवन करना चाहिए, क्योंकि इन्हीं चीजों से ठंड में शक्ति मिलती है।

**5. बढ़ती है रोगप्रतिरोधक क्षमता:** खीर में दूध, चावल, सूखे मेवे आदि पौष्टिक चीजें डाली डाती हैं, जो कि शरीर के लिए फायदेमंद होती हैं। इन चीजों की वजह से शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। अच्छा स्वास्थ्य मिलता है। यहीं खीर जब पूर्णिमा को बनाकर खाई जाए तो उसका गुण दोगुना हो जाता है।

# सीजनल अफेक्टिंग डिसऑर्डर से बचना है, तो डाइट में करें इस तरह का

मौसम बदलने के साथ ही कुछ लोगों का मूड बदलने लगता है, इसे सीजनल अफेक्टिंग डिसऑर्डर कहते हैं.गमौसम बदलने के साथ ही कुछ लोगों का मूड बदलने लगता है, इसे सीजनल अफेक्टिंग डिसऑर्डर कहते हैं.सर्दियों का मौसम आने वाला है. मौसम बदलने के साथ ही कुछ लोगों का मूड बदलने लगता है, इसे सीजनल



अफेक्टिंग डिसऑर्डर कहते हैं. इस तरह की परेशानियों में व्यक्ति असहाय महसूस करने लगता है और किसी चीज पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता है. इसके अलावा थकान और अंततः व्यक्ति अवसाद की ओर चला जाता है. हेल्थलाइन की खबर के मुताबिक कुछ दवाइयां, टॉक थेरेपी, एक्सरसाइज और हेल्दी डाइट से सीजनल अफेक्टिंग डिसॉर्डर को ठीक किया जा सकता है. मौसम बदलने के साथ ही इंसान की प्रतिरक्षा प्रणाली यानी इम्यूनिटी भी कमजोर होने लगती है. इस मौसम में अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना बहुत जरूरी है. हालांकि कोरोना काल में लोग अपनी इम्यूनिटी पर विशेष ध्यान रख रहे हैं, लेकिन मौसम में बदलाव को लेकर हमें पहले से सतर्क रहने की जरूरत है. यहां हम कुछ हेल्दी डाइट के बारे में बता रहे हैं.

ओमेगा 3 फैटी एसिडः

सर्दी का मौसम आने से पहले डाइट में ओमेगा 3 फैटी एसिड की मात्रा को बढ़ा देनी चाहिए. ओमेगा 3 फैटी एसिड मूड स्विंग से बचाने में बहुत फायदेमंद है. यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि ओमेगा 3 फैटी एसिड का उच्च स्तर अवसाद को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मछली, अखरोट, अलसी के बीज, सेलमॉन मछली में पर्याप्त मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है.

**बैरीजः**

ब्लूबेरी, रस्पबेरी और स्ट्रॉबेरी को मुख्य रूप से बैरीज कहा जाता है. भारत में जामुन इसका सबसे बढ़िया उदाहरण है. अध्ययन में यह प्रमाणित हो चुका है कि बैरीज के सेवन से तनाव के कारण होने वाले अवसाद को कम किया जा सकता है. बैरीज एडरीनल ग्लैंड से कार्टिसोल हार्मोन को रिलीज करने में सहायक है. कार्टिसोल ब्रेन के हिप्पोकैंपस को सक्रिय करता है. हिप्पोकैंपस में ही याददाश्त स्टोर रहता है. कार्टिसोल के कारण भावनात्मक रूप से लोग मजबूत होते हैं।

**फोलिक एसिडः**

रिसर्च में यह कहा गया है कि फोलिक एसिड ब्रेन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे मूड स्विंग नहीं होता. जब बॉडी में सेरोटोनिन (ह्यद्गह्म्श्ह्लश्ठ्ठद्बठ्ठ) बनने लगता है, तब यह मूड को प्रभावित करता है. फॉलिक एसिड सेरोटोनिन के स्तर को नियंत्रित करने में मददगार है. हरी पत्तीदार सब्जियां, ओट्समील, सूरजमूखी के बीज, संतरे, अनाज आदि में फॉलिक एसिड पाया जाता है.

**लहसुनः**

कच्चे लहसुन का सेवन शरीर के काफी फायदेमंद है. सर्दी आते ही बुजुर्ग इसका सेवन बढ़ा देते हैं. इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है. लहसुन में पर्याप्त मात्रा में एलिसिन, जिंक, सल्फर, सेलेनियम और विटामिन ए और ई पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते है।




# शनिवार को लोहे के अलावा इन चीजों की भी नहीं करनी चाहिए खरीदारी, शनिदेव हो सकते हैं नाराज़



शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए लोग शनिवार को उनकी पूजा करते हैं, लेकिन कई बार अनजाने में ही ऐसी चीजें खरीद लाते हैं जिससे शनिदेव को गुस्सा आता है।

हिंदू धर्म में सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी देवी-देवता से संबंधित माने जाते हैं. जिस तरह सोमवार शिवजी, मंगलवार हनुमान जी और बुधवार भगवान गणेश का वार माना जाता है. उसी तरह शनिवार का दिन सबसे जल्दी क्रोधित होने वाले देवता शनिदेव (स्द्धड्डह्लह्वद्ध ष्ठद्द1) का विशेष दिन माना जाता है. मान्यता है कि शनिवार (स्द्धड्डह्लह्वद्ध1ड्डह्म्) को शनिदेव की पूजा अर्चना करने से शनिदेव प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसा देते हैं. शनिदेव के प्रकोप से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं. विधि-विधान से शनिदेव की पूजा की जाती है, जिससे उनकी कुदृष्टि न पड़ सके. हालांकि कई बार अनजाने में ही लोग कुछ ऐसा काम कर जाते हैं जिससे कि शनिदेव नाराज हो जाते है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए विधि-विधान से उनकी पूजा अर्चना करने के साथ ही शनिवार के दिन कुछ ऐसी चीजें हैं जिनकी खरीदारी से बचना चाहिए. अगर उन चीजों की खरीदारी कर ली जाती है तो इससे शनि देव के क्रोधित होने की आशंका बढ़ जाती है। न्याय के देवता कहलाते हैं शनिदेव शनिदेव को न्याय का देवता भी कहा जाता है. मान्यतानुसार शनिदेव अपने भक्तों और अच्छे कर्म करने वाले लोगों को समस्त तकलीफों से बचाएं रखते हैं और उनके दुख-दर्द को हमेशा दूर करते हैं. वहीं, बुरे कर्म करने वाले लोगों और शनिदेव को नाराज करने वाले लोगों को वे कड़ा दंड देते हैं. जिन्हें शनिदेव का आशीर्वाद मिल जाता है वे जीवन में सदा खुश रहते हैं. वहीं शनिदेव जिस पर अपनी दृष्टि डाल देते है उसका जीवन परेशानियों के बीच गुजरता है.

## स्वास्थ्य

# सर्दी-खांसी की वजह से गले में हो रहे दर्द को चुटकियों में दूर करेगा केले का

गले के दर्द को दूर करने में मदद करता है केले का छिलका- केला खाने के बाद आप आमतौर पर इसके छिलके को फेंक ही देते हैं लेकिन ये बेकार छिलका आपकी कई दिक्कतों को दूर करने के काम आ सकता है. फेमस न्यूट्रिशनिस्ट सोनाली सबरवाल के अनुसार केले का छिलका आपके गले में सर्दी-खांसी-?ुकाम की वजह से होने वाले दर्द को चुटकियों में दूर कर सकता है. इस संबंध में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है. आइये जानते हैं कि केले का छिलका गले के दर्द को दूर करने के लिए किस तरह से काम आ सकता है।



**इस तरह से करें केले के छिलके का इस्तेमाल:** सर्दी-खांसी-?ुकाम से गले में हो रहे दर्द को दूर करने के लिए आप केले के छिलके को चार भागों में बांट लें. अब आप गैस को ऑन करें और तवे को गैस पर रखें. इसके बाद फ्लेम को लो कर दें. अब आप केले के छिलके को गर्म कर लें. इस बात का ध्यान रखें कि छिलके को उतना ही गर्म करना है. जितना गर्म आप इसको अपनी स्किन पर बर्दाश्त कर सकें. जब केले का छिलका गर्म हो जाए, तो आप एक टॉवल लें या फिर कॉटन का कोई मोटा कपड़ा लें. फिर इस टॉवल या कपड़े में गर्म किये गए केले के छिलकों को रैप करें और इसको फोल्ड कर लें. इसके बाद आप इस कपड़े को गले में लगाकर सिकाई करें. अगर टॉवल या कप?ा ब?ा है और उसको गले में लपेटना आसान है, तो आप इसको गले में लपेट भी सकते हैं. इस कप? से आप तब तक सिकाई कर सकते हैं। जब तक ये आपको गर्माहट का अहसास करवा रहा हो. इससे आपके गले में हो रहे दर्द को काफी आराम मिल सकता है. लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि केले के छिलके से गले की सिकाई आपको तब ही करनी है. जब आपको ये दर्द सर्दी-खांसी-?ुकाम की वजह से हो रहा हो. गले में किसी और तरह की परेशानी होने पर आपको ऐसा नहीं करना है. इस बात का भी ध्यान रखें कि जब आप गले में लिपटे कप? को हटाएं. तो किसी और कप? से अपने गले को लगभग दस-पंद्रह मिनट तक ढक कर रखें. साथ ही सिकाई के बाद ठंडा पानी बिल्कुल भी न पिये।

# प्रदेश में 163 ऑक्सीजन प्लांट हुए क्रियाशील : चौहान



**भोपाल /** मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन की स्थानीय उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न चिकित्सालय में 163 ऑक्सीजन प्लांट्स स्थापित किये जा चुके हैं। इन प्लांटस की प्रतिदिन 182 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता है। इससे आवश्यकता पड़ने पर 9145 रोगियों को 10 लीटर प्रति मिनट की दर से ऑक्सीजन प्रदाय की जाकर उपचारित किया जा सकेगा। प्रदेश में पीएम केयर फंड एवं राज्य शासन के अथक प्रयासों से 202 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट्स की स्थापना का कार्य कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी को महसूस कर प्रारंभ किया गया था। शेष 39 ऑक्सीजन प्लांट्स की स्थापना इसी माह सुनिश्चित कर ली जाएगी।

### ऑक्सीजन में म.प्र. बन रहा है आत्म-निर्भर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये सहयोग से मध्यप्रदेश ऑक्सीजन के क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। कोरोना की दूसरी लहर में कोरोना मरीजों की जान बचाने के लिए अन्य राज्यों से ऑक्सीजन आयात की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन की स्थानीय व्यवस्था के लिए प्लांटस स्थापना के शासकीय चिकित्सालयों में अतिरिक्त रूप से 30 हजार 291 ऑक्सीजन सिलिन्डर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि मार्च 2020 की स्थिति में प्रदेश के किसी भी शासकीय चिकित्सालय में ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट उपलब्ध नहीं थे। आज की स्थिति में 163 ऑक्सीजन प्लांटस प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रारंभ हो चुके है। शेष प्लांटस भी शीघ्र स्थापित कर लिए जाएंगे। इन सभी 202 प्लांटस से प्रतिदिन लगभग 230 मीट्रिक टन मेडिकल ऑक्सीजन जनरेट हो सकेगी।

प्रदेश में पीएम केयर फंड से 88, मुख्यमंत्री राहत कोष से 13 एवं अन्य विभिन्न माध्यम जैसे स्वास्थ्य विभाग, ष्टस्क्र एवं स्थानीय प्रयासों से 101 ऑक्सीजन प्लांट्स स्थापित करने का काम गत मई माह से शुरू किया गया। आज मध्यप्रदेश 163 ऑक्सीजन प्लांटस स्थापित कर आत्म-निर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है।

### ऑक्सीजन भंडारण सुविधा

प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में वर्तमान में 360 मीट्रिक टन लिक्विड ऑक्सीजन के भंडारण की सुविधा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 34 जिला चिकित्सालयों में 6 किलो लीटर की क्षमता के लिक्विड ऑक्सीजन के टैंक (कुल 248 मीट्रिक टन) की स्थापना की जा रही है। शासकीय चिकित्सालय में 13 हजार 956, चिकित्सालय महविद्यालयों में 1350 ऑक्सीजन कॉन्सनट्रेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा भारत सरकार ने भी पूर्व में दिए ऑक्सीजन कॉन्सनट्रेटर के अतिरिक्त 3860 कॉन्सनट्रेटर का आबंटन और किया गया है।

### आईसीयू , एचडीयू, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स

स्वास्थ्य विभाग के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं में जून 2021 तक 11 हजार 156 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स उपलब्ध थे। राज्य शासन द्वारा 3099 अतिरिक्त बेड्स को ऑक्सीजन सपॉर्टिड बेड्स में परिवर्तित करने की स्वीकृति दी, जिसमें लगभग 2000 बेड्स क्रियाशील किए जा चुके हैं, शेष बेड्स इस माह पूर्ण कर क्रियाशील हो जाएंगे। इस माह के अंत तक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं में 14 हजार 255 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स उपलब्ध हो जाएंगे।

प्रदेश के समस्त जिलों में जून 2021 की स्थिति में कुल 785 आईसीयू, एचडीयू बेड्स मय वेन्टिलेटर क्रियाशील थे। कुल 41 स्वास्थ्य संस्थाओं में 650 नवीन आईसीयू, एचडीयू बेड्स स्वीकृत किए गए जिनमें से 200 आईसीयू, एचडीयू बेड्स का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। शेष आईसीयू, एचडीयू बेड्स का निर्माण अंतिम चरण में है। इस प्रकार अब स्वास्थ्य संस्थाओं में 1435 आईसीयू, एचडीयू बेड्स रोगियों के उपचार हेतु उपलब्ध हो जाएंगे।

जिला चिकित्सालयों में उपलब्ध 210 पीडीयाट्रिक आईसीयू बेड्स के अतिरिक्त नवीन 310 पीडीऐट्रिक आईसीयू बेड्स की स्वीकृति दी गई। इनमें से 100 का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। शेष का निर्माण अंतिम चरण में है। इस माह के अंत में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन आने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं में 520 पीडीयाट्रिक आईसीयू बेड्स एवं 992 पीडीयाट्रिक ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स शिशुओं के उपचार हेतु उपलब्ध हो जाएंगे।

## साध्वी प्रज्ञा ठाकुर पर कांग्रेस हमलावर

**- महिला कार्यकर्ताओं ने किया शुद्धिकरण**




**भोपाल ।** विजयदशमी पर मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय मैदान पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में कांग्रेसियों व नर्मदा परिक्रमा करने वालों पर अनर्गल टिप्पणी करने वाली भोपाल संसाद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर पर कांग्रेस हमलावर है। सोमवार को भी साध्वी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहा। जिला महिला कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कसाना के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुद्धिकरण किया। साध्वी प्रज्ञा सिहं ठाकुर के पोस्टर को नर्मदा जल से शुद्ध करके विरोध जताया।

महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कसाना ने कहा कि साध्वी की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। उन्होंने नर्मदा मैया की परिक्रमा करने वाले लोगों को अधर्मी कह कर नर्मदा मैया का अपमान किया है। उन्हें तत्काल कांग्रेसियों व नर्मदा परिक्रमा करने वालों से माफी मांगनी चाहिए। महिला कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ नारेबाजी की। नर्मदा के जल आम के पत्तों से लेकर साध्वी के फोटो पर डाला। मंत्रों का उच्चारण करके कहा कि नर्मदा मैया का अपमान नहीं सहेंगे।

### लगातार हो रहा विरोध प्रदर्शन

गौरतलब है कि शनिवार को पिपलानी महात्मा गांधी चौराहे पर कांगेसी नेता व नर्मदा परिक्रमा करने वाले रवींद्र साहू झूमरवाला के नेतृत्व में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का पुतला फूंका। पुलिस को कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन दिया था। पुल बोगदा में भी कांग्रेसियों ने साध्वी का विरोध किया। शाहजहांनाबाद में कांग्रेसियों ने साध्वी के फोटो के सामने दीपक जलाकर विरोध जताया था। रविवार को पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शीतलदास की बगिया पर नर्मदा व गंगा जल लेकर पहुंचे थे। साध्वी के फोटो को नर्मदा व गंगा नदी के जल से शुद्धिकरण किया था।

## कांग्रेस नेताओं की पहली पसंद बने शिवराज सरकार के गृहमंत्री

**- अब कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने की गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात**



**भोपाल ।** भाजपा के दिग्गज नेता से मिलने पहुंचे कमलनाथ के करीबी नेता, हाई हो गया सियासत का पारा...। उपचुनाव के प्रचार दौरान जहां भाजपा-कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही है, इसी बीच एक-एक करके कांग्रेस नेताओं की मुलाकात गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के साथ होना किसी सियासी तिकड़म की ओर इशारा कर रही है। राजनीतिक गलियारों में नरोत्तम मिश्र को कांग्रेस नेताओं की पहली पसंद जा रहा है। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रवक्ता नरोत्तम मिश्र कांग्रेस नेताओं की पहली पसंद बन गए हैं। पिछले कुछ दिनों से कई कांग्रेस नेता एक-एक करके नरोत्तम मिश्र से मुलाकात कर रहे हैं। कांतिलाल भूरिया, डॉ. गोविंद सिंह, अजय सिंह के बाद अब कमलनाथ के बेहद करीबी सज्जन सिंह वर्मा की बंद कमरे में हुई मुलाकात के बाद सियासी पारा हाई हो गया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने सोमवार को गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा से उनके आवास पहुंचकर मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बंद कमरा चर्चा हुई। इसके बाद सियासी गलियारों में कांग्रेस नेताओं द्वारा गृहमंत्री से एक के बाद मुलाकात किए जाने को लेकर चर्चाओं ने फिर जोर पकड़ लिया है। हालांकि, दोनों नेताओं ने इस सौजन्य भेंट करार दिया। इसके पहले विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने भी डा. मिश्रा से मुलाकात की थी। पिछले कुछ समय से कांग्रेस के नेताओं द्वारा गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात करने का सिलसिला बढ़ा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह पिछले एक माह में तीन बार उनसे मुलाकात कर चुके हैं। विधानसभा में कांग्रेस दल के मुख्य सचेतक डा. गोविंद सिंह ने भी उनसे मुलाकात की थी। हालांकि, इसे उन्होंने सौजन्य भेंट करार देते हुए कहा था कि डा. मिश्रा रिश्ते निभाना जानते हैं और सभी दलों के नेताओं से उनके व्यक्तिगत संबंध हैं।

**करीब आधा घंटे बंद कमरा चर्चा**

सोमवार को सुबह प्रदेश कांग्रेस के कोर ग्रुप के सदस्य और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा उनसे मुलाकात करने के लिए पहुंचे। दोनों के बीच करीब आधा घंटे बंद कमरा चर्चा हुई। वर्मा ने कि यह इत्तेफाक है कि उपचुनाव का समय है और हमारी मुलाकात हुई। गृहमंत्री होने के नाते उनकी भी व्यस्तता रहती है और उपचुनाव के लिए समन्वय का काम देखने की वजह से मुझे भी समय नहीं मिल पाता है। आज मैं भी भोपाल में था और वे भी, इसलिए मुलाकात हो गई। इस दौरान प्रदेश में कानून व्यवस्था से लेकर क्षेत्र से जुड़े कुछ मुद्दों पर चर्चा हुई। जब मैं मंत्री था, तब वे मेरा आवास पर आते थे। इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। यह एक सामान्य घटनाक्रम है। इसे किसी और चीज से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

## 'पेट्रोल डीजल की रोज बढ़ती कीमतें जनता पर अत्याचार हैः नकुलनाथ'



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड, पुष्पांजली टुडे, 9826576206**

छिंदवाड़ा । छिंदवाड़ा के सांसद नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा की सरकार में आमजनता बुरी तरह से त्रस्त हो चुकी है।सांसद नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा के राज्य में युवा बेरोजगार है, किसान परेशान है, व्यापार ठप है, ऐसे में रोज बढ़ती तेल कीमतें पहले से कोरोना की मार झेल रहे लोगों के निवाले छीनने का काम कर रही है ।श्री नकुलनाथ ने कहा कि डीजल-पेट्रोल की कीमतें आसमान को छू रही हैं, देश में मंहगाई चरम पर है।श्री नकुलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे।उन्होंने कहा कि आमजनता कांग्रेस पार्टी के साथ है, उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कहा कि वह जमीनी स्तर पर कार्य करें और जनता की समस्याओं को दूर कराने के लिए संघर्षरत रहे।श्री नकुलनाथ ने बताया कि कांग्रेस पार्टी किसानों और आमजनता के हमेशा साथ हैं।

## योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है विद्युत अधो-संरचना विकास का कार्य : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर



भोपाल। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विद्युत कंपनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में रबी सीजन के दृष्टिगत योजनाबद्ध तरीके से अधोसंरचना के कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। इससे कृषि उपभोक्ताओं को और अधिक गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रदेश की ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा इस वित्तीय वर्ष में सितंबर 2021 तक 9 नवीन अति उच्च दाब उपकेन्द्र, 8 अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापना एवं 11 ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य पूर्ण किये गए हैं। इससे कुल ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता में 1766 एमव्हीए की वृद्धि हुई है। आगामी तीन माहों में 2 नवीन अति उच्च दाब उपकेंद्र, 20 अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापना एवं 4 ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि के कार्य पूरे किए जाएंगे। इससे 1859 एमव्हीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता में अतिरिक्त वृद्धि होगी। तीनों वितरण कम्पनियों ने भी 11 नवीन 33/11 केव्ही उपकेंद्रों के कार्य पूर्ण किये हैं। इनमें से 7 पूर्व क्षेत्र और 2-2 मध्य तथा पश्चिम क्षेत्र में स्थित हैं। इसके साथ ही 262 किमी 33 केव्ही लाइन और 314 किमी 11 केव्ही लाइन का निर्माण भी किया गया है। वर्तमान उपकेंद्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि और अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापना के कुल 39 कार्य पूरे किये गए हैं। इससे 97 एमव्हीए की क्षमता वृद्धि हुई है। वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि तथा अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना के कुल 1773 कार्य किये गए हैं। इसके अतिरिक्त आगामी तीन माहों में 13 नवीन 33/11 केव्ही उपकेंद्र, 280 किमी 33 केव्ही एवं 409 किमी 11 केव्ही लाइन का निर्माण, 61 पॉवर ट्रांसफॉर्मर एवं 1110 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापना के कार्य किये जायेंगे।

## चाचोडी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में शिक्षक मनोज काक को विदाई दी गई



**पुष्पांजली टुडे/नेनाराम सिरवी**

रानी पाली /राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाचोडी से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरामी सुमेरपुर में पदस्थापन को लेकर चाचोडी विद्यालय परिसर में शानदार विदाई सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

चाचोडी कोराना काल में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले शिक्षक मनोज काक को विद्यालय परिसर में संपूर्ण शिक्षकों की उपस्थिति में राजस्थानी लोक संस्कृति के अनुसार पुष्प हार माला एवं साफा पहनाकर भव्य सम्मान करके विदाई दी गई।

इस मौके पर आसाराम मीणा व्याख्याता। प्रेम कुमार। नाथूराम चौधरी। महिपाल सिंह चंपावत जालम सिंह चारण हरफूल सिंह कपुराराम मेघवाल श्रवण कुमार सोहनलाल भलवाला.जालम सिंह राजपुरोहित। ममता सिंह राणावत। कमलेश राजपुरोहित बरकत खान मोती सिंह राजपुरोहित। गजेंद्र सिंह राजपुरोहित रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया मौजूद रहे।

## प्रजापति समाज की बैठक श्री राम धर्मशाला में संपन्न हुई



**पुष्पांजली टुडे ब्यूरो**
**विनोद पाठक**

श्योपुर 17 अक्टूबर 2021 को आदर्श प्रजापति समाज श्योपुर की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रजापति समाज के लोगों द्वारा श्री राम धर्मशाला श्योपुर में चुनाव से संबंधित एक बैठक बुलाई गई जिसमें चुनाव से संबंधित सभी प्रकार की प्रक्रिया तथा तय समय सीमा में चुनाव को पूरा करने का निर्णय लिया गया तथा चुनाव निर्वाचन फॉर्म दिनांक 24 अक्टूबर 2021 से प्रारंभ किए जाकर दिनांक 31 अक्टूबर 2021 तक भरे जाएंगे तथा जो प्रजापति समाज का व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ने का इच्छुक नहीं है और फार्म वापस ले सकता है वह दिनांक 1 नवंबर 2021 से 7 नवंबर 2021 तक वापस ले सकता है तथा दिनांक 9 नवंबर 2021 शाम 6ः00 बजे तक सदस्यता अभियान चालू रहेगा और दिनांक 12 नवंबर 2021 को चुनाव करवाया जाएगा जिसमें सभी प्रजापति समाज के सदस्य बढ़-चढ़कर भाग ले और एक नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगणों को चुने।

निर्वाचन अधिकारी आदर्श प्रजापति समाज, चुनाव अधिकारी गजेंद्र वर्मा, सह चुनाव अधिकारी नवल प्रजापति व मनोज प्रजापति एवं प्रजापति समाज के सभी व्यक्ति बैठक मैं मौजूद रहे!

# कलेक्टर श्री सिंह ने डबरा सीएमओ को किया निलंबित

## प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में लापरवाही पड़ी भारी

### अपर आयुक्त नगर निगम श्री गुप्ता और अन्य सीएमओ को किया आगाह

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में हुई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा



ग्वालियर। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के प्रति बरती जा रही उदासीनता नगर पालिका डबरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री महेश पुरोहित को भारी प?ी है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने श्री पुरोहित को निलंबित कर दिया है। साथ ही नगर निगम ग्वालियर के अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता व जिले के उन नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आगाह किया है कि अगले तीन दिन में प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत लक्ष्य के अनुसार वितरण नहीं हुआ तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सर्विस बुक में भी विपरीत टिप्पणी दर्ज कराई जायेगी।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय बैठक में शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना एवं ÷एक जिला एक उत्पाद÷ सहित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने डबरा सीएमओ श्री पुरोहित को निलंबित कर वहां के सीएमओ का प्रभार उपयंत्री श्री धर्मेन्द्र भदौरिया को सौंपा है। निलंबन अवधि में श्री पुरोहित का मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय डबरा रहेगा।

एक जिला एक उत्पाद÷ की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत आलू प्रसंस्करण इकाईयों के बैंको के माध्यम से ऋण प्रकरण की स्वीकृति और ऋण वितरण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने सहायक संचालक उद्यानिकी को आगाह किया कि यदि जल्द ही इस योजना में अच्छी प्रगति नहीं आई तो उनकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। कलेक्टर ने ÷एक जिला एक उत्पाद÷ के तहत स्टोन पार्क में नई इकाई शुरू करने वाले उद्यमियों को प्रमुखता से पत्थर ङ्क फर्सी के खनन पट्टे दिलाने के निर्देश जिला खनिज अधिकारी को दिए। साथ ही जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारी को भी ताकीद किया कि स्टोन पार्क में इकाई स्थापित करने के इच्छुक लोगों को सरकार की मंशा के अनुरूप हर संभव मदद मुहैया कराई जाए।

बैठक में सीएम हैल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन के लिये चयनित विषय, जनसुनवाई व समय-सीमा के लंबित पत्रों के निराकरण की समीक्षा भी बैठक में की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा सहित जिले के एसडीएम व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### नवाचारों की प्रगति भी जानी

अगले महीनों में मूर्तरूप लेने जा रहे नवाचारों की प्रगति की जानकारी भी कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में ली। ज्ञात हो कलेक्टर श्री सिंह की पहल पर शिक्षा विभाग द्वारा मॉडल स्कूल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार व नौकरी के लिये प्लेटफार्म और सभी आंगनबा?ी भवनों में सोलर लाईट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रथम चरण में शहर के 35 वार्डों में संजीवनी क्लीनिक की तर्ज पर अस्पताल की स्थापना, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा चिन्हित चार छात्रावासों को स्मार्ट छात्रावास बनाना, जिला पंचायत द्वारा बरई, बेरजा, करहिया व छीमक ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम पंचायत में तब्दील करना और ग्रामीण टूरिस्ट सर्किटों का विकास, नगर निगम द्वारा रेन बसेरा व आश्रय केन्द्र को अत्याधुनिक रूप प्रदान करना और कृषि विभाग द्वारा हर ग्राम पंचायत में किसान लाइब्रेरी की स्थापना इत्यादि नवाचार प्रस्तावित किए गए हैं।

### डबरा एवं भितरवार क्षेत्र में खाद का अतिरिक्त भण्डारण कराएँ

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सहकारिता, कृषि व नागरिक आपूर्ति निगम विभाग सहित खाद वितरण से जु? सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डबरा एवं भितरवार क्षेत्रों में धान की कटाई होते ही किसानों को डीएपी व यूरिया सहित अन्य खादों की जरूरत प?गी। इसलिए उस क्षेत्र की प्राथमिक साख सहकारी संस्थाओं में खाद का पर्याप्त भण्डारण कराएँ, जिससे किसानों को खाद मिलने में दिक्कत न हो। उन्होंने सभी प्राइवेट खाद दुकानों से कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में खाद वितरण कराने पर विशेष बल दिया। साथ ही कहा कि खाद वितरण में ग?ब?ी करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### सीसीबी की वसूली के लिए तहसीलवार प्लान बनाएँ

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सीसीबी (जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक) द्वारा दिए गए ऋण की वसूली पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर जिले की सभी तहसीलों में सीसीबी के बकाया ऋण की वसूली की जाएगी। उन्होंने इसके लिये तहसीलवार प्लान तैयार करने के निर्देश सहायक आयुक्त सहकारिता को दिए हैं।

## अष्टभुजी माता मंदिर पर राष्ट्रीय सेविका समिति के द्वारा विजयदशमी पर किया शस्त्र पूजन




**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर शिवपुरी। आदर्श नगर के अष्टभुजी माता मंदिर पर राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन किया एवं दंड तलवार चलाकर राष्ट्र के प्रति अपने आदम्य साहस का परिचय दिया राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना 1936 में विजयादशमी के दिन वर्धा में हुई थी श्रीमती लक्ष्मीबाई केलकर (मौसी) इसकी प्रथम संचालिका थी राष्ट्र सेविका समिति संघठन देश सेवा की भावना से ओतप्रोत है एवं मातृभूमि के लिए कुछ कर गुजरने की भावना लेकर चलने वाला संघटन है

ऐ तन समर्पित ऐ मन समर्पित धन समर्पित मातृ भूमि कुछ और भी चढाना चाहता हूं

सेविका समिति के कार्यक्रम,दैनिक तथा साप्ताहिक शाखाएँ, लगाना सेविकायों शारीरिक, बोद्ध, विकास मनोबल बढ़ाने के लिए विविध उपक्रम, हिन्दूत्व का प्रसार, राष्ट्र सेविका संघटन देश सेवा की भावना को लेकर चलने वाला संघटन है, गुना, शिवपुरी विभाग कार्य वाहिका अंजलि जी हरडिकर ने अपने उद्बोधन कहा कि मातृभूमि की सेवा के लिए हर एक बहन को सदैव तत्पर रहना चाहिए एवं संघटन से जुडना चाहिए

इस अवसर पर माननीय, महिमा तारे ग्वालियर विभाग सेवा प्रमुख, शिवपुरी जिला सेविका एवं विभाग प्रवासिका, श्रीमती स्नेहदीप सिंघल, कार्यक्रम प्रमुख, श्रीमती, नीना जी संचालन श्रीमती संगम जी ने किया एवं सैकड़ों राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने विजयादशमी पर शस्त्र पूजन किया।

## आशा त्रिपाठी बनी आजाद मंच की जिला उपाध्यक्ष



ग्वालियर आजाद मंच भारत रजिस्टर्ड के मध्यप्रदेश महिला उपाध्यक्ष के लिए मनोनीत की गयी।

श्रीमती आशा त्रिपाठी स्वच्छ साफ छवि वाली महिला को आजाद मंच भारत के ग्वालियर की उपाध्यक्ष नियुक्त की गई हैं।

संघ परिवार में फर्श और खुशी है ग्वालियर संघ परिवार की ओर से बधाइयां सब प्रेषित की गई आशा त्रिपाठी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे आजाद मंच भारत संगठन में काबिले तारीफ कार्य करने का योगदान भी सदैव देती रहेंगी

इसी आशा ओर विश्वास के साथ

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आजाद मंच सगठन।

## मछली पालन के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला चिटफंडी हुआ फरार




### थाना सिरौल प्रभारी की लाचार कार्रवाई के चलते पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर



ग्वालियर। जिला ग्वालियर के अंतर्गत सिरोल थाना अक्सर चर्चाओं में बने रहने की बात की जाए तो गलत नहीं होगी। क्योंकि यह थाना किसी ना किसी मुद्दे को लेकर हमेशा चर्चाओं में बना रहता है ठीक इसी प्रकार एक मामला हमारे संज्ञान में आया है जिसमें पीड़ित गंगा विष्णु सिंह के द्वारा *जी.एम.टी.आई बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड* के डायरेक्टर राहुल सिंह तोमर व कंपनी अन्य प्रमोटर्स के खिलाफ मछली पालन के नाम पर धोखाधड़ी के संबंध में शिकायती आवेदन मार्च 2021 को सिरौल थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक महोदय को दिया गया था। लेकिन थाना सिरौल के विवेचना अधिकारी अभिनव शर्मा के द्वारा उचित करवाई न करते हुए केवल गंगा विष्णु सिंह को बार-बार थाने बुलाकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया जाता रहा। दबंगों की राजनीतिक पकड़ अच्छी होने के कारण दबंगों के द्वारा आवेदन वापस लेने हेतु दबाव बनाया जा रहा है दबंगों के द्वारा गाली-गलौज करते हुए यह कहते हैं कि तूने आवेदन देकर क्या उखाड़ लिया। पुलिस थाना सिरौल कि इस प्रकार की कार्यवाही को देखते हुए। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कहीं ना कहीं दबंगों की पहुंच थाना प्रभारी सिरौल तक भी अच्छी खासी हो सकती है क्योंकि आवेदक को न्याय न दिलाना एवं थाने से उचित कार्यवाही न करना पुलिस प्रशासन पर प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा हो रहा है।

### इनका कहना है

हमने गवाहों को नोटिस जारी किया है जैसे ही गवाह थाने आएंगे ब्यान होने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

**अभिनव शर्मा विवेचना अधिकारी थाना सिरौल**

## संक्षिप्त समाचार

### मेले में दुकान आरक्षित कराने के लिये आवेदन माँगे

ग्वालियर। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2020-21 में आयोजित मेले में जिन दुकानदारों द्वारा दुकानें लगाई गई थीं। उनसे मेला प्राधिकरण ने इस साल के मेले में दुकान आरक्षण के लिए आवेदन मांगे हैं। विस्तृत जानकारी के लिये मेला प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष श्री चतुर्वेदी 11 से 13 नवम्बर तक करेंगे विभिन्न जिलों का दौरा

ग्वालियर। प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा), अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल 11 से 13 नवम्बर तक ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, दतिया, भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी, श्योपुर जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान प्रमुख सलाहकार भी साथ रहेंगे। श्री चतुर्वेदी जिले से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ, सामुदायिक संस्थाएँ, वित्तीय समावेशन, पलायन, गैर-शासकीय संस्थाएँ इत्यादि पर चर्चा करने के साथ ही फील्ड विजिट भी करेंगे।

### अतिथि विद्वानों के पैनल के लिये 25 अक्टूबर तक आवेदन माँगे

ग्वालियर। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण केन्द्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिये अतिथि व्याख्याताओं का पैनल तैयार किया जा रहा है। अतिथि व्याख्याता की सेवा देने के इच्छुक अभ्यर्थियों से 25 अक्टूबर तक शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित संभागीय अनुसूचित जाति परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। उप आयुक्त संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग चयन परीक्षा, पीईबी भोपाल, एसएससी, बैंकिंग तथा रेलवे भर्ती बोर्ड इत्यादि द्वारा आयोजित चयन व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिये विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया जाना है। खासतौर पर गणित, रीजनिंग, अंग्रेजी, कम्प्यूटर तथा सूचना व संचार प्रौद्योगिकी, विज्ञान, तकनीकी तथा पर्यावरण, अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति व साहित्य, भूगोल, लोक प्रशासन व राज्य व्यवस्था, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, दर्शन शास्त्र, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान एवं हिंदी आदि विषयों के अतिथि व्याख्याताओं का पैनल तैयार किया जाना है।

### अजा एवं अजजा के विद्यार्थियों को मिलेगा पीएससी परीक्षा का निःशुल्क प्रशिक्षण

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा 30 अक्टूबर तक आवेदन माँगे

छात्राओं को कराई जायेगी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की निऱ्शुल्क तैयारी

ग्वालियर। संभागीय अनुसूचित जाति परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षा की तैयारी कराने के लिये नवम्बर माह में निऱ्शुल्क प्रशिक्षण सत्र शुरू होगा। इस प्रशिक्षण सत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षा की तैयारी कराई जायेगी। इसी तरह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिये नवम्बर माह में नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के लिये निऱ्शुल्क प्रशिक्षण सत्र शुरू होगा। इन दोनों प्रशिक्षण सत्रों के लिए 30 अक्टूबर तक शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित संभागीय अनुसूचित जाति परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में आवेदन पत्र जमा किए जा सकते हैं। संभागीय उप आयुक्त एवं प्राचार्य संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिये न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी पात्र होंगे। प्रशिक्षण में मैरिट के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। छात्राओं के लिये 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगीं।

### दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व उपकरण देने के लिये परीक्षण शिविर 27 अक्टूबर से

एलिम्को जबलपुर के तकनीशियन और विशेषज्ञ दल आ रहे हैं माप लेने

ग्वालियर 18 अक्टूबर 2021/ सहायता उपकरणों व कृत्रिम अंगों की जरूरत महसूस कर रहे दिव्यांगों और वृद्धजनों के लिये खुशखबरी है। दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व उपकरण प्रदान करने के लिये 27 से 29 अक्टूबर तक विशेष परीक्षण शिविर लगाए जायेंगे। इन शिविरों में एलिम्को संस्थान जबलपुर से आ रहे तकनीशियन और विशेषज्ञ दल परीक्षण के बाद दिव्यांगों व वृद्धजनों की माप लेंगे। इसी आधार पर आगे चलकर चिन्हित दिव्यांगों व वृद्धजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरित किए जायेंगे।

## जनभागीदारी से बनेगी आरआई सेंटर की सडक, निगमायुक्त ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश





ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सिटी सेंटर स्थित आर आई सेंटर वाली रोड का निरीक्षण किया तथा रोड की जर्जर स्थिति को देखते हुए जनभागीदारी से स?क निर्माण के निर्देश दिए। इसके साथ ही रोड पर गोबर फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सीवर की समस्या का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि सड़क पर कोई गोबर ना फेंके इसके लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए तथा जो भी गोबर फेंकने का उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जनभागीदारी से सड़क निर्माण को लेकर आर आई सेंटर के पास स्थित सोफिया कॉलेज के संचालक डॉ भल्ला ने भी सड़क निर्माण में सहयोग करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री संजय मेहता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478